(भूमि खाता नं. 01006, खसरा नं. 721– के, ग्राम दुहाई, परगना जलालाबाद, औद्योगिक क्षेत्र, मेरठ रोड, दुहाई, गाजियाबाद में स्थित, क्षेत्रफल लगभग 1900 वर्ग मी. यह सम्पत्ति श्री संजीव कुमार जैन पुत्र श्री बिहारी लाल जैन के नाम पर है।

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाईट पर देखें। https://sbi.auctiontiger.net, http://www.sbi.co.in

दिनांक 07.06.2019, स्थान : नई दिल्ली
हस्ता0/– प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

कार्पोरेशन बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक **Corporation Bank**

सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक

प्रधान कार्यालय: मंगला देवी मंदिर मार्ग, मंगलूरु - 575 001, दक्षिण कन्नड़ जिला, कर्नाटक राज्य, भारत

सूचना

कार्पोरेशन बैंक (शेयर और बैठक) विनियम 1998 के विनियम 56 के अनुसरण में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्पोरेशन बैंक के शेयरधारकों की 22 वीं वार्षिक महासभा रविवार, **29 जून, 2019 को पूर्वाह्न 10.30 बजे** सहकारी भवन, कार्पोरेशन बैंक, प्रधान कार्यालय, मंगलादेवी मंदिर मार्ग, पांडेश्वर, मंगलूरु - 575 001 में संपन्न होगी जिसमें निम्नलिखित मदों पर विचार विमर्श किया जाएगा :

मद संख्या 1

बैंक के **31 मार्च, 2019 के पृथक एवं समेकित** लेखा परीक्षित तुलन-पत्र, 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के **पृथक एवं समेकित** लाभ-हानि लेखा, लेखों में समाहित अवधि के लिए बैंक के कार्य-निष्पादन तथा क्रियाकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार विमर्श, अनुमोदन तथा स्वीकार करना।

मद सं 2 :

नई इक्विटी शेयरों के निर्गम और/ या बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार अतिरिक्त टीयर –I या टीयर –II पूंजी के निर्गम द्वारा बैंक की पूंजी जुटाना

टिप्पणियाँ

1. **प्रॉक्सी की नियुक्ति**

जिस शेयरधारक को बैठक में भाग लेने का अधिकार है, उसे अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का भी अधिकार है तथा ऐसे प्रॉक्सी का कार्पोरेशन बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है।

तथापि, इस प्रकार नियुक्त प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का कोई अधिकार नहीं होगा।

प्रॉक्सी के रूप में किसी ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति नहीं की जाएगी जो कार्पोरेशन बैंक का अधिकारी या कर्मचारी हो।

विनियम 70(vii) के अनुसार प्रॉक्सी लिखत देनेवाला, लिखत से संबंधित बैठक में व्यक्तिगत रूप से वोट देने के लिए पात्र नहीं होगा।

प्रॉक्सी फार्म प्रभावी होने हेतु बैठक प्रारंभ होने **से कम-से-कम चार दिन पहले अर्थात् सोमवार, 24 जून 2019 को कार्यसमय की समाप्ति अर्थात् अपराह्न 5.00 बजे** तक या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय, मंगलादेवी मंदिर मार्ग, मंगलूरु-575 001, कर्नाटक राज्य में प्राप्त हो जाना चाहिए।

2. **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

बैंक के शेयरधारक कंपनी निकाय का विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति, वार्षिक महासभा में भाग लेने और मतदान करने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करनेवाले संकल्प की प्रति को उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा, जिस बैठक में वह पारित किया गया हो, सत्यप्रति प्रमाणित किया गया हो, बैठक की तिथि से कम-से-कम चार दिन पहले अर्थात् सोमवार, 24 जून, 2019 को कार्य समय की समाप्ति अर्थात् अपराह्न 5.00 बजे तक या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, कार्पोरेशन बैंक, निवेशक सेवा विभाग, प्र.का. मंगलूरु - 575 001, कर्नाटक राज्य को प्रस्तुत नहीं किया जाता है।

3. **संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग**

यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम में है, तब केवल प्रथम नाम वाला व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने हेतु पात्र होगा और वही बैठक में वोट डालने के लिए पात्र होगा।

4. **सदस्यों के रजिस्टर की बंदी**

कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के विनियम 12 के अनुसरण में बैंक के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अंतरण बहियाँ, शुक्रवार 21 जून, 2019 से शनिवार, 29 जून, 2019 (दोनों दिनों सहित) बाइसवीं वार्षिक महासभा के संबंध में बंद रहेंगी इसके लिए रिमोट ई-वोटिंग तथा वार्षिक महासभा में वोटिंग हेतु **सोमवार, 24 जून 2019** को कट-ऑफ तिथि मानी जायेगी।

5. यथासंशोधित कंपनी (प्रबंधन व प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुपालन में बैंक, अपने सदस्यों को 22 वीं वार्षिक महासभा (एजीएम) में प्रस्तावित संकल्पों को पास करने हेतु अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु एजेंसी के रूप में कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड के जरिए अपने पत्र के अधिकार का प्रयोग करने हेतु ई-वोटिंग सुविधा सहर्ष प्रस्तुत करता है। सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से बैठक की जगह के अतिरिक्त अन्य जगह से भी कर सकते हैं (रिमोट ई-वोटिंग)। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम में वोटिंग करने की सुविधा (इंस्टा पोल) को बैठक के स्थान पर उपलब्ध कराया जायेगा तथा बैठक में आने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट वोटिंग (इंस्टा पोल) द्वारा वोटिंग नहीं किया है वे अपना वोट दे सकेंगे।

6. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपने मत का प्रयोग किया है वे भी बैठक में भाग ले सकेंगे लेकिन पुनः मतदान हेतु पात्र नहीं होंगे। यहाँ स्पष्ट किया जाता है कि शेयरधारक के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करते हुए मत देना अनिवार्य नहीं है और निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन करते हुए एक शेयरधारक इस सुविधा का उपयोग अपने/उनका/उनकी विवेक के अनुसार कर सकते हैं।

7. एक व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी के पास रखे लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि **24 जून 2019** को दर्ज होगा वही रिमोट ई-वोटिंग/इंस्टा पोल के लिए पात्र होगा।

8. रिमोट ई-वोटिंग **26 जून, 2019 (प्रातः 09 बजे)** से शुरू होकर **28 जून 2019 (सायं 5.00 बजे)** को समाप्त होगी तथा इस तिथि एवं समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। सोमवार, **24 जून 2019 (कट-आफ तिथि)** को इलेक्ट्रॉनिक या भौतिक रूप से बैंक शेयरों को धारण करने वाले शेयरधारक इस अवधि के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रॉनिक विधि से या वार्षिक महा सभा में वोट देकर कर सकते हैं।

9. अन्य बातों के साथ-साथ उपस्थिति पर्ची और प्रॉक्सी फॉर्म के साथ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके को सूचित करने वाली बैंक की 22 वीं वार्षिक महा सभा की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रति सभी सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से भेजी जा रही है जिनके ईमेल आईडी बैंक/ डिपॉजिटरी सहभागी के साथ संप्रेषण हेतु पंजीकृत हैं जब तक कि किसी सदस्य द्वारा इसकी कागजी प्रति हेतु अनुरोध न किया जाए। अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवाने वाले सदस्यों हेतु अन्य बातों के साथ-साथ उपस्थिति पर्ची और प्रॉक्सी फॉर्म के साथ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके को सूचित करने वाली बैंक की 22 वीं वार्षिक महा सभा की सूचना की कागजी प्रति **03.06.2019** को अनुपत माध्यम से प्रेषित की जा रही है। प्रॉक्सी फार्म, उपस्थिति पर्ची तथा प्रवेश पास के साथ सूचना का पूरा पाठ बैंक की वेबसाइट www.corpbank.com पर उपलब्ध है।

10. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई करने हेतु सुश्री वरलक्ष्मी, सहायक महा प्रबंधक, कार्वी फिनटेक प्रा. लि., यूनिट: कार्पोरेशन बैंक, कार्वी सेलेनियम टॉवर- बी, प्लाट सं. 31 व 32, गचीबोवली, नानकरामगुड़ा, सेरीलिंगमपल्ली, हैदराबाद - 500 032, फोन-040-67161514 या टूलफ्री सं. 18003454001 (टॉल फ्री), ई-मेल- vlakshmi.p@karvy.com जिम्मेदार हैं।

11. बैंक की 22 वीं वार्षिक महा सभा की सूचना के प्रेषण के बाद, जिन लोगों ने शेयर हासिल किए हैं और बैंक के शेयरधारक बन गए हैं, वे isd@corpbank.co.in पर बैंक को लिखकर या शेयरहोल्डिंग के प्रमाणित प्रमाण के साथ डाक द्वारा भेजकर या रिमोट ई-वोटिंग के बंद होने से पर्याप्त समय पहले vlakshmi.p@karvy.com पर कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड को लिखकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

12. शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि बैठक में कोई उपहार/उपहार-कूपन वितरित नहीं किया जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते कार्पोरेशन बैंक
ह/-
(एस. के. दाश)
कंपनी सचिव

स्थान : मंगलूरु
दिनांक : 06.06.2019

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !

सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

सिक्योरिटीजाइजेशन एवं रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट (एनफोर्समेंट) नियमों 2002 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद 13 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों को प्रत्येक के नाम के सामने दर्शाए गए खाते में उनके ना

जनसत्ता

अर्थव्यवस्था की गति

रिजर्व बैंक का रेपो दरों में पच्चीस आधार अंक की कटौती का फैसला सरकार के अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयासों की ही एक कड़ी है। रेपो दरों में कटौती से बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद बनती है। इसलिए माना जा रहा है कि इस फैसले से बाजार में कुछ रौनक लौटेगी। एनडीए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में रोजगार और अर्थव्यवस्था पर गंभीरता से ध्यान केंद्रित किया है। इसके लिए मंत्रियों की दो समितियां गठित की गई हैं। इनमें से एक समिति विकास की रफ्तार और निवेश बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरी समिति रोजगार कौशल के विकास संबंधी उपायों पर सुझाव देगी। इसी क्रम में रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति की समीक्षा की और कर्ज सस्ता करने और बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ाने के मकसद से रेपो दरों में कटौती का फैसला किया। रेपो दर पर ही सारे बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते और अपने कारोबार में वृद्धि करते हैं। चूंकि पिछले कुछ समय से बैंकों का कारोबार लगातार नीचे की तरफ का रुख किए हुए है, इसलिए रेपो दरों में कटौती से उन्हें कुछ बल मिलने की उम्मीद की जाती है।

यों भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेज रफ्तार अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है, पर पिछले कुछ समय से देश की विकास दर अपेक्षित लक्ष्य से काफी दूर है। निवेश जुटाना अब भी चुनौती बना हुआ है। बाजार में पैसे का प्रवाह कम होने से उत्पादन में भी गति नहीं आ पा रही। महंगाई पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। इन सबको देखते हुए सरकार ने विशेष रूप से अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया है। अर्थव्यवस्था की गति बाजार में मांग और निवेश पर निर्भर करती है। इन दोनों मोर्चों पर पिछले कुछ सालों से शिथिलता नजर आ रही है। मांग तब बढ़ती है, जब लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है। क्रयशक्ति बढ़ाने के लिए रोजगार बढ़ाने की जरूरत होती है। जब लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है, बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ता है और उत्पादन में गति आती है, तो निवेशक भी आकर्षित होते हैं। बाजार में सुस्ती रहती है तो निवेशक भी अपना हाथ आगे नहीं बढ़ाते, जैसा कि पिछले कुछ सालों से देखा जा रहा है। इस तरह अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के मकसद से बनी समिति को स्वाभाविक ही इन सभी पहलुओं पर ध्यान देना होगा। इसी से जुड़ी दूसरी समिति, जो रोजगार संबंधी विषयों पर अपने विचार देगी, उसकी भी जिम्मेदारी अहम होगी क्योंकि रोजगार को लेकर सरकार पर विपक्ष लगातार हमलावर रहा है और नए रोजगार उपलब्ध न करा पाने का असर बाजार पर साफ नजर आ रहा है।

अर्थव्यवस्था कोई एकल इकाई नहीं होती। वह तमाम चीजों से जुड़ी होती है। इसलिए उसे मजबूत बनाने के लिए अनेक दिशाओं में काम करना पड़ता है। नई सरकार ने इस बात को ध्यान में रखते हुए विभिन्न महकमों के मंत्रियों को आर्थिक विषयों और रोजगार संबंधी पहलुओं पर विचार के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। अकेले रिजर्व बैंक के अपनी दरों में बदलाव करने से न तो बाजार में गति आने की उम्मीद की जा सकती है और न अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौट आने की। अगर ऐसा होता तो फरवरी और अप्रैल में भी उसने दो बार पच्चीस आधार अंक की कटौती की थी, पर बाजार को उसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया। रोजगार के नए अवसर पैदा करके इस दिशा में अधिक गति हासिल की जा सकती है।

पिघलते ग्लेशियर

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस प्रकृति के बूते मानव सभ्यता ने इतनी ऊंचाइयां हासिल की हैं, उसी को अपनी सुविधाओं के लिए न केवल हाशिये पर छोड़ दिया गया, बल्कि उसके नष्ट होने की भूमिका तैयार करने में भी कोई कमी नहीं की गई। आज हालत यह है कि पारिस्थितिकी तंत्र में नित नए असंतुलन की वजह से समूची दुनिया पर कई तरह के खतरे मंडरा रहे हैं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दुनिया भर में प्रदूषण के मसले पर चिंता जताने में सभी देश आगे रहते हैं, लेकिन उस पर काबू पाने के मामले में सबसे बुनियादी उपायों की भी अनदेखी करते हैं। यही वजह है कि पर्वतीय क्षेत्रों में ग्लेशियरों पर संकट लगातार बढ़ रहा है। गौरतलब है कि देहरादून स्थित वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिकों की ओर से संयुक्त रूप से हिमालय के बढ़ते प्रदूषण पर किए गए शोध के निष्कर्षों के मुताबिक पश्चिमी देशों और खासकर यूरोपीय देशों में बढ़ते प्रदूषण का प्रभाव तेजी के साथ हिमालयी देशों पर पड़ रहा है। इस समूचे इलाके में कार्बन की मात्रा में जिस तेजी से इजाफा हो रहा है, उससे ग्लेशियरों के पिघलने का खतरा पैदा हो गया है।

हालांकि ऐसी आशंका पहली बार नहीं जताई गई है। पर मुश्किल है कि बार-बार के अध्ययनों में पर्यावरण के सामने खड़ी होने वाली चुनौतियों के बारे में स्पष्ट संकेत मिलने के बावजूद दुनिया भर में इस मसले पर कोई ठोस पहलकदमी नहीं हो सकी है। समय-समय पर पर्यावरण संकट को लेकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होते हैं और उनमें कार्बन उत्सर्जन कम करने से लेकर हर स्तर पर प्रदूषण पर काबू पाने का संकल्प लिया जाता है। पर आज भी यूरोपीय देशों में तेजी से बढ़ते प्रदूषण की वजह से हिमालयी इलाकों में पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और उसके चलते वायुमंडल में कई बदलाव आ रहे हैं तो यह उन सम्मेलनों में जताई गई चिंता के खोखले होने का ही सबूत है। सवाल है कि आखिर किन वजहों से दुनिया भर में कार्बन उत्सर्जन कम करने पर जोर देने वाले यूरोपीय देशों में प्रदूषण का स्तर ऐसी खतरनाक स्थिति में पहुंच गया कि उससे अब हिमालयी क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं?

गौरतलब है कि जलवायु में बढ़ता तापमान हिमालयी ग्लेशियर से ढके हिंदूकुश पहाड़ों की चोटी को लगातार गला रहा है। कुछ समय पहले हिंदूकुश हिमालय एसेसमेंट नाम से किए गए एक अध्ययन के मुताबिक अगर मौजूदा गति बनी रही तो इस सदी के अंत तक हिमालय पर्वत के ग्लेशियरों का करीब दो-तिहाई हिस्सा खत्म हो जाएगा। माना जाता है कि इतना हिस्सा करीब दो अरब लोगों के पीने के पानी के स्रोत के रूप में काम आ सकता है। इस बड़े संकट से पार पाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलनों में प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं, मगर उन पर गंभीरता से अमल नहीं हो पाता। फिलहाल अगर जलवायु परिवर्तन को रोकने की कोशिशें एक हद तक कामयाब होती हैं तो भी हिमालयी ग्लेशियर का एक बड़ा हिस्सा नहीं बचाया जा सकेगा। सिर्फ इतने से यह समझा जा सकता है कि पारिस्थितिकी तंत्र में आने वाले इस असंतुलन से कैसे संकट पैदा हो सकते हैं और इसका समूची दुनिया में मानव जीवन पर कितना घातक असर पड़ेगा। अगर समय रहते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस पहल नहीं की गई तो इसका खमियाजा समूची दुनिया को उठाना पड़ सकता है।

कल्पमेधा

मनुष्य जितना छोटा होता है, उसका अहंकार उतना ही बड़ा होता है।

-वाल्तेयर

उड़ान की चुनौती

सतीश सिंह

एअर इंडिया की माली हालत लंबे समय से खस्ता है। जेट एअरवेज भी जमीन पर आ चुकी है। जेट का भविष्य अनिश्चित है। पूर्व में एअर सहारा, किंग फिशर, ईस्ट-वेस्ट एअरलाइन, स्काईलाइन एनईपीसी, मोदीलुफ्त आदि हवाई सेवा कंपनियां बंद हो चुकी हैं। बंद होने के समय एअर सहारा की बाजार में सत्रह फीसद हिस्सेदारी थी। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या चमक-दमक वाले विमानन क्षेत्र की हालत उतनी अच्छी नहीं है, जितनी बाहर से दिखती है!

एअर इंडिया संकट का समाधान उसके विनिवेश में तलाशा जा रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग ने एअर इंडिया के विनिवेश पर काम शुरू कर दिया है। एअर इंडिया पर फिलहाल तकरीबन सत्ताईस हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। एअर इंडिया को बेचने के लिए निविदा के जरिए बोलियां आमंत्रित की जाएंगी। एअर इंडिया में पनच्यानवे फीसद हिस्सेदारी बेचने और पांच फीसद कर्मचारियों के लिए इंप्लाइज स्टॉक आप्शन प्लान (ईएसओपी) के रूप में रखने पर विचार चल रहा है। विनिवेश के समय स्थायी कर्मचारियों को कंपनी में शेयर विकल्प और एक साल नौकरी का आश्वासन देने की योजना है। पिछली बार सरकार ने कंपनी में चौबीस फीसद हिस्सेदारी अपने पास रखने की योजना बनाई थी, जिसके कारण किसी भी खरीदार ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। खरीदार के आगे नहीं आने पर सरकार को बिक्री बंद करनी पड़ी, लेकिन एअर इंडिया के भारी कर्ज की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार ने एक अलग कंपनी बनाकर एअर इंडिया के साढ़े सत्ताईस हजार करोड़ रुपए के कर्ज को कम किया था। लेकिन इसे पर्याप्त नहीं माना जा सकता है। एअर इंडिया के कर्ज में और कमी लाने की जरूरत है, ताकि दूसरी कंपनियां इसे खरीदने में दिलचस्पी लें।

इसके पहले भी पिछले साल मई में सरकार एअर इंडिया में अपनी छिहत्तर फीसद हिस्सेदारी बेचना चाह रही थी। लेकिन किसी कंपनी ने बोली नहीं लगाई। मार्च 2018 तक एअर इंडिया अड़तालीस हजार करोड़ रुपए कर्ज के बोझ से दबी थी। एअर इंडिया को बेचने के लिए अर्न्स्ट एंड यंग (ईएंडवाई) को सलाहकार नियुक्त किया गया है। विनिवेश प्रक्रिया के तहत एअर इंडिया के अलावा इसकी सस्ती विमानन सेवा इकाई एअर इंडिया एक्सप्रेस और एअर इंडिया एसएटीएस एअरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की भी बिक्री की जाएगी। एसएटीएस एअरपोर्ट सर्विसेज एअर इंडिया और सिंगापुर की एसएटीएस लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है। एअर इंडिया को बेचने के लिए सलाहकार कंपनी- ईवाई की नियुक्ति की गई है। इस कंपनी के अनुसार एअर इंडिया के नहीं बिकने के कई बड़े कारण हैं, जैसे- सरकार द्वारा सौ फीसद हिस्सेदारी नहीं बेचना, एक साल तक कर्मचारियों को कंपनी के साथ बनाए रखने का प्रावधान, तीन साल तक विमानन कंपनी का परिचालन बिना किसी दखल के करने पर जोर और कंपनी के विस्तार के लिए इच्छुक नहीं होना आदि। जाहिर है, खरीदार आसान शर्तें चाहेंगे।

अप्रैल, 2012 में घोषित बेलआउट पैकेज के तहत एअर इंडिया को सरकार अब तक छब्बीस हजार करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी दे चुकी है। एअर इंडिया में नए सिरे से पूंजी डालना इसलिए जरूरी है कि कर्जदाता कंसोर्टियम के तीन बैंकों ने इसे 'लाइन ऑफ क्रेडिट' देने से मना कर दिया है। 'लाइन ऑफ क्रेडिट' बैंक और कर्जदार के बीच का ऐसा समझौता होता है, जिसके तहत कर्जदार कभी भी तय सीमा के मुताबिक उधारी ले सकता है।

एअर इंडिया की माली हालत लंबे समय से खस्ता है। जेट एअरवेज भी जमीन पर आ चुकी है। जेट का भविष्य अनिश्चित है। पूर्व में एअर सहारा, किंग फिशर, ईस्ट-वेस्ट एअरलाइन, स्काईलाइन एनईपीसी, मोदीलुफ्त आदि हवाई सेवा कंपनियां बंद हो चुकी हैं। बंद होने के समय एअर सहारा की बाजार में सत्रह फीसद हिस्सेदारी थी। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या चमक-दमक वाले विमानन क्षेत्र की हालत उतनी अच्छी नहीं है, जितनी बाहर से दिखती है?

एअर इंडिया और इंडियन एअर लाइंस के विलय के वक्त यह कंपनी सौ करोड़ रुपए के लाभ में थी। लेकिन अनियमितता, कुप्रबंधन और अंदरूनी गड़बड़ियों के कारण एअर इंडिया खस्ताहाल स्थिति में आ गई। अदालत में दायर एक जनहित याचिका के मुताबिक वर्ष 2004 से वर्ष 2008 के दौरान विदेशी विनिर्माताओं को फायदा पहुंचाने के लिए सड़सठ हजार करोड़ रुपए में एक सौ ग्यारह विमान खरीदे गए, करोड़ों-अरबों रुपए खर्च करके विमानों को पट्टे पर लिया गया और निजी विमानन कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए फायदे वाले हवाई मार्गों पर एअर इंडिया की उड़ानों को जानबूझ कर बंद किया गया। इन गड़बड़ियों की पुष्टि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने भी अपनी रिपोर्ट में की है।

एअर इंडिया की स्थापना टाटा संस लिमिटेड की एक इकाई के रूप में हुई थी। सन 1946 तक इसका संचालन टाटा एअरलाइंस कर रही थी, जो बाद में सार्वजनिक क्षेत्र की लिमिटेड कंपनी में तब्दील हो गई। एक समय विमानन कंपनियों में एअर इंडिया की हैसियत महाराजा की थी। एअर इंडिया बेड़े में हर तरह के विमान थे। के-787 ड्रीमलाइनर को सितंबर, 2012 में एअर इंडिया के बेड़े में शामिल किया गया था। दो सौ छप्पन सीटों वाला ड्रीमलाइनर दस से तेरह घंटे बिना किसी परेशानी के उड़ान भर सकता है। सीटों की डिजाइनिंग और ईंधन क्षमता के मामले में यह बोइंग 777-200 एलआर से बेहतर है। एअर इंडिया ड्रीमलाइनर की बेहतर क्षमता का उपयोग करके एअर इंडिया ज्यादा लाभ कमा सकती है। बड़े विमानों में एअर इंडिया के पास 777-200 एलआर के आठ, 777-300 ईआर के बारह और बी 747-400 के तीन विमान हैं। छोटे विमानों में एअर इंडिया के पास ए-320 के बारह, ए-319 के उन्नीस और ए 321 के बीस विमान हैं। इसके अलावा कंपनी ने उन्नीस छोटे व बड़े विमानों को लीज पर ले रखा है।

विमानों के बुद्धिमतापूर्ण इस्तेमाल से राजस्व में इजाफा किया जा सकता है। जैसे, जिस मार्ग पर यात्रियों का आवागमन अधिक है, वहां विमानों के फेरे बढ़ाए जा सकते हैं। वैसे विमानों का ज्यादा उपयोग किया जा सकता है, जिनमें कम ईंधन की खपत होती है। आज भी एअर इंडिया में विमानों का इस्तेमाल तार्किक तरीके से नहीं किया जा रहा है। लंबी दूरी वाले विमानों का उपयोग मध्यम तथा छोटी दूरी वाले मार्गों में उड़ानों के लिए हो रहा है। बोइंग 777-200 एलआर लंबी दूरी तय करने वाला विमान है। यह लगातार सोलह घंटे तक उड़ान भर सकता है, लेकिन इसका इस्तेमाल मध्यम दूरी वाले स्थानों के लिए ही हो रहा है।

इससे विमानों में ईंधन की ज्यादा खपत हो रही है। फ्रैंकफर्ट, पेरिस, हांगकांग, शंघाई जैसे शहरों, जहां पहुंचने में दस घंटे लगते हैं, की उड़ान में अगर ड्रीमलाइनर का प्रयोग किया जाता है तो यात्रा की लागत प्रति किलोमीटर पच्चीस फीसद तक कम हो सकती है। यात्री किराए में कमी करना भी एक अच्छा विकल्प है। निजी विमानन कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण इंडिगो, स्पाइसजेट, गो एअर आदि ने कमाई में एअर इंडिया से बढ़त हासिल की। विदेशी विमानन कंपनियों में लुफ्तहंसा समूह, ब्रिटिश एअरवेज, केएलएम इत्यादि से भी एअर इंडिया को कड़ी चुनौती मिल रही है। एअर इंडिया को घाटे से उबारने की कोशिशें तो की गईं, लेकिन ये कोशिशें सिरे नहीं चढ़ पाईं।

भले ही एअर इंडिया को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी चल रही हो, लेकिन यह तय है कि कुशल प्रबंधन से एअर इंडिया को मुनाफे में लाया जा सकता है। कुशल नेतृत्व एवं संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से पूर्व में यह कंपनी लाभ में आई भी थी। भारतीय रेल, यूको बैंक, पंजाब नेशनल बैंक आदि भी पूर्व में ऐसा करिश्मा कर चुके हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की अनेक कंपनियां आज मुनाफे में चल रही हैं। बीमा और सरकारी तेल कंपनियां भी मुनाफे में हैं। देखा जाए तो लाभ कमाने वाली सरकारी कंपनियों की एक लंबी फेहरिस्त है। ऐसे में एअर इंडिया को लाभ में लाना नामुमकिन नहीं है, क्योंकि इसकी बदहाली के लिए मूल रूप से कुप्रबंधन जिम्मेदार है। इसलिए योजनाबद्ध तरीके से काम करके इसे फिर से मुनाफे में लाया जा सकता है।

शब्दों का सौंदर्य

मोनिका अग्रवाल

दुनिया मेरे आगे

कितना मुश्किल है शब्दों के बारे में दो शब्द कहना! खासकर उन शब्दों के बारे में जो हमारे अपने ही होते हैं। जिन शब्दों के साथ हम जागते हैं, बढ़ते हैं, खेलते हैं और सोते हैं। ये शब्द सबको संबोधित करते हैं, संप्रेषित करते हैं। लेकिन जब खुद की बात चलती है तो उस नन्ही गुड़िया की तरह भाग कर झरोखे के पीछे जा छिपते हैं जो यों तो चमकती-चमकती सारे घर को गुंजायमान किए रहती है, लेकिन किसी के सामने उसकी बात होने लगे तो मारे शर्म के ठहर नहीं पाती। शब्द हमारे अस्तित्व का अंग हैं। निःशब्द से शब्द की ओर बढ़ते हुए पहला शब्द जो कंठ से निकलता है, वह शायद '...म्म' है जो समय के साथ मां के रूप में विराट अस्तित्व धारण कर लेता है।

शब्द चाहते हैं पूरी तन्मयता और पूरा आकर्षण। आकार मात्र से महत्त्व नहीं है शब्दों का। कई बार आकार बदलने से भी अर्थ नहीं बदलता। कभी शशि कहे या शशांक, रहेगा चंद्रमा ही और कई बार आकार वही रहे तो भी अर्थ बदल जाता है। जैसे 'प्रकार' कहीं 'भेद' के अर्थ में आता है तो कहीं 'रीति' के अर्थ में। कहीं यह 'सदृश्यता' दर्शाता है, तो कहीं 'विशेषता' बताता है।

हर रोज प्रयोग किए जाने वाले बहुत से शब्द हम बस बोल देते हैं। हम शायद उनके अर्थ से वाकिफ नहीं होते या उसे गहराई के साथ अनुभूत नहीं करते और एक औपचारिकता मात्र निभाते चले जाते हैं। जैसे गांव हो या शहर, एक शब्द अत्यधिक प्रचलित है- 'सॉरी'। बड़े से लेकर बच्चे तक इस शब्द का प्रयोग बेधड़क और धड़ल्ले से करते हैं। पर कम ही लोग ऐसे हैं जो 'सॉरी' कहने के साथ अपनी गलती महसूस कर शर्मिंदा होने का भाव भी प्रदर्शित कर पाते हों। भाव प्रदर्शित करना तो दूर, अधिकतर मामलों में तो शर्मिंदगी महसूस भी नहीं की जाती। सवाल है कि फिर औपचारिकता के लिए सॉरी बोलने का क्या मतलब! शायद इसलिए कि एक मजबूरी का काम निपट जाए!

शब्द मन या बुद्धि से निकलते हैं! यानी दिल और दिमाग की जैसी अवस्था, वैसा ही शब्द का रूप! किसका है दोष? शायद हमारी सोच का! असल में बिखरे हुए मन से बिखरे हुए ही शब्द निकल पाते हैं। फिर जब मन सधेगा, तब वे शब्द सार्थक हो जाते हैं! हर कोई इन शब्दों के खेल से वाकिफ है। सरकारें और उनकी संस्थाएं, हमारे समाज के नेता और अभिनेता शब्दों का खेल जानते हैं। सारी व्यवस्था शब्दों के आधार पर ही तो चल रही है!

वक्त के साथ कितना कुछ बदल जाता है। कई बार आदतन कुछ शब्द पक कर जिद्दी हो जाते हैं या फिर आधुनिक रंग का जामा पहन लेते हैं। ऐसे में उन्हें बदलने के लिए आत्मबल और निरंतर प्रयास की जरूरत होती है! अब आप ही देखिए कि समय के साथ-साथ पाठशाला की जगह स्कूल ने ले ली और गुरुकुल की जगह हॉस्टल या छात्रावास ने। किसी को बुलाने के लिए आवाज देने का विकल्प अब पिछड़ा माना जाने लगा और उसकी जगह 'बेल' बजने लगी और स्कूल की शिक्षिकाएं 'मैडम' से घट कर 'मैम' रह गईं। इस तरह न जाने कितने रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाले शब्दों की जगहें बदलीं और पुराने शब्दों के प्रयोग खत्म हो गए।

ये सारी बातें दर्शाती हैं कि हमारी मानसिकता में कितना बदलाव आ गया है। किस प्रकार हम अपने चारों ओर खिड़कियां खोल कर नई हवा के स्वागत के लिए खुद को तैयार किए बैठे हैं। नए बदलाव, नए दौर, विकास के नए मोर्चे पर कुछ नया करने के लिए नई राह बना रहे हैं। शायद यह शब्दों की ही कला है कि हम इनके सहारे किसी के दोस्त बन जाते हैं और किसी के दुश्मन। ऐसा भी अक्सर होता है कि कुछ शब्दों की वजह से माहौल बोझिल हो जाता है तो कभी खुशनुमा। क्यों हम अक्सर कहते हैं- 'कितना जिंदादिल इंसान है?' क्या हम ऐसे व्यक्ति का दिल देखते हैं? नहीं! हम अक्सर उस व्यक्ति के बोले गए शब्दों की रौ में बह जाते हैं। उसके साथ बातें करना हमें अच्छा लगता है जो रोते को हंसा दे, मुस्कुराते को खिलखिला दे। पत्थर में भी फूल खिला दे, यह शब्दों की ही कला है।

शब्द हमारी शक्ति है। हम उमड़ती भावनाओं के उफान में शब्दों को तोल नहीं पाते। बोल देते हैं जो मन में आता है। बना बनाया काम एक झटके में बिगड़ जाता है। बचपन की दोस्ती बदल जाती है दुश्मनी में। बुजुर्गों ने कहा है कि सत्य बोलो, प्रिय बोलो, पर अप्रिय सत्य कभी न बोलो। जिसने इस रहस्य को पा लिया, समझिए संसार में कोई उसका बैरी नहीं हो सकता। एक शब्द से 'क्षय', एक शब्द से 'जय', कितनी शक्ति है शब्दों में!

खुलती गांठें

महागठबंधन राजनीतिक दृष्टि से अखिलेश यादव की एक बहुत बड़ी भूल थी। दो विपरीत विचारधाराओं की पार्टियां लंबे समय तक साथ नहीं रह सकतीं यह स्वयंसिद्ध है। यदि देखा जाए तो इस पूरे आम चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे दो नेता रहे जिन्होंने अपने आधार पर ध्यान न देकर भद्द पिटवा ली लिहाजा, इसका खमियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा। उनमें एक अखिलेश यादव और दूसरे चंद्रबाबू नायडू हैं। बाकी सबको अपने-अपने हिस्से का कुछ न कुछ जरूर मिला। किसी को एक, किसी को दो या किसी को शून्य मिला तो भी उसे पता था कि हम इतने भर के ही थे! लेकिन इन दोनों नेताओं ने तो अपनी करनी से अपने हिस्से का भी गंवा दिया।

मृतप्राय हो चुकी बहुजन समाज पार्टी को कंधा देकर जीवित करने वाली अखिलेश यादव की पार्टी अब स्वयं मरणासन्न अवस्था में आ गई है। बसपा के वोट सपा में ट्रांसफर नहीं हुए इसमें कोई दो राय नहीं हैं नहीं तो सीटों की संख्या में इजाफा देखने को अवश्य मिलता। इसके उलट यह आरोप भी अखिलेश के सिर मढ़ दिया गया कि सपा के वोट बसपा में ट्रांसफर नहीं हो पाए। शून्य सीटों वाली बसपा दहाई अंकों में पहुंचने के बाद यह कह रही है कि वोट नहीं मिला! अखिलेश यादव ने महागठबंधन को बचाने और कुशलता से उसे चलाने के लिए क्या कुछ नहीं किया। इन चुनावों में कई अवसरों पर उन्होंने समझौता किया चाहे वह पार्टी को मिली सीटों की संख्या हो या सामाजिक संदेश देने के लिए मायावती का सम्मान हो। लेकिन फिर भी मायावती की नजरों में चूक अखिलेश की तरफ से ही रही। यह तो तय था कि महागठबंधन से कोई खुश नहीं था लेकिन फिर भी विचारधारा को तिलांजलि देकर दोनों पार्टियां साथ आईं जरूर लेकिन ज्यादा दिन तक साथ रह नहीं पाईं।

बिहार में पहले से ही एक स्थापित उदाहरण होने के बावजूद पार्टियों ने उससे कुछ नहीं सीखा सो अब भुगत रहे हैं। इसके साथ ही भाजपा को यह कहने का मौका भी मिल गया कि महागठबंधन दरअसल ठगबंधन है। इसका फायदा कम बल्कि नुकसान ज्यादा हुआ। आगामी विधानसभा चुनावों में भी इसका असर अवश्य पड़ेगा। उपचुनाव से पहले ही दोनों पार्टियों ने अलग होने का फैसला कर लिया है। पिछले चुनाव में पारिवारिक कलह और अबकी यह गठबंधन अखिलेश यादव के लिए दोनों ही अच्छे नहीं रहे। सपा, बसपा, रालोद, राजद या उनके जैसी अन्य पार्टियों को चुनाव के लिए चले आ रहे अपने पुराने तरीके बदलने की आवश्यकता है।

● *सचित्र मिश्र, अकबरपुर, अंबेडकर नगर*

नए सिरे से

राजग सरकार इस बार अधिक मजबूती से सत्ता में आई है और उसने अनुच्छेद 370 खत्म करने का वादा किया है। इस अनुच्छेद को खत्म करने अथवा उसकी खामियां दूर करने के उपायों पर काम करते हुए सरकार को यह भी देखना होगा कि कश्मीर के वर्चस्व को कैसे खत्म किया जाए? जम्मू-कश्मीर की समस्या को केवल घाटी की समस्या के तौर पर देखे जाने के अपने दुष्परिणाम सामने आए हैं। इसलिए जम्मू और लद्दाख की अनदेखी ही होती है। एक समस्या यह भी है कि कश्मीर की हर छोटी-बड़ी घटना को सदैव गंभीर चुनौती के तौर पर देखा जाता है। इसके चलते वहां अलगाववाद ने एक धंधे का रूप ले लिया है। जम्मू-कश्मीर में नए सिरे से परिसीमन की तैयारियों के पीछे का सच जो भी हो, उपद्रवग्रस्त घाटी को पटरी पर लाने के लिए हरसंभव कदम उठाने का समय आ गया है।

● *हेमंत कुमार, गोराडीह, भागलपुर, बिहार*

कब्जे का हक!

मुल्क बड़ा हो या छोटा विदेशों की सड़कें जाने हमें क्यों लुभातीं हैं! हमारा देश विकसित राष्ट्र बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है मगर क्या हम तरक्की के राजमार्गों के लिए वाकई तैयार हैं? दुनिया के मुकाबले पिछड़ने की वजह हमारी सोच और शिक्षा तो नहीं! जिस मुल्क में आजादी के सत्तर साल बाद भी शौचालय के इस्तेमाल पर ज्ञान की घुट्टी पिलाई जाए, राजमार्गों की कीमत समझने में वर्षों लग जाएं, उसमें ऐसा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

आज भी कई मुख्य मार्गों पर लोग चौपाल से लेकर खलिहान तक बनाए बैठे हैं। रास्ते किनारे आने वाले गैराज, टायरों में हवा भरने वाली मशीनें, खोमचे-ठेलों ने पैदल-पथ को फर्ज से बेखबर कारोबारी इस्तेमाल में ले रखा है। बाकी कसर छोटी गाड़ियों की जगह-जगह पार्किंग पूरी कर देती है। कब्जों का हक में तब्दील होना सियासत की पहली सीढ़ी बन जाता है। लिहाजा, वक्त रहते सड़कों को सिमटने से न रोका गया तो सुधार की हर कोशिश नाकाम हो जाएगी। देश बदल रहा है तो क्या हम नहीं बदल सकते?

● *एमके मिश्रा, रातू, रांची, झारखंड*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

बैंकों से धोखाधड़ी

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई की तमाम कोशिशों के बावजूद हमारे देश में बैंकों से धोखाधड़ी पर लगाम नहीं लग पा रही है। आरबीआई ने सूचनाधिकार कानून के तहत पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं ने 71542.93 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 6801 मामलों की सूचना दी है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि धोखाधड़ी वाली राशि में 73 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 11 वित्तीय वर्षों में 2.05 लाख करोड़ रुपए की बैंकिंग धोखाधड़ी के कुल 53334 मामले दर्ज किए गए। तमाम सतर्कता और कड़े बैंकिंग नियम-कानूनों के बावजूद इतने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के मामले सामने आना समूची बैंकिंग प्रणाली पर सवालिया निशान लगाने के लिए काफी है।

गौरतलब है कि धोखाधड़ी के बारे में प्राप्त जानकारी को लेकर बैंकों द्वारा कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समक्ष आपराधिक शिकायत दर्ज कराना आवश्यक होता है लेकिन कार्रवाई के बारे में किसी तरह की सूचना उपलब्ध नहीं है। बैंक धोखाधड़ी के कई बड़े मामलों में भगोड़े आभूषण कारोबारी नीरव मोदी और शराब कारोबारी विजय माल्या से जुड़े मामले भी शामिल हैं। आरबीआई ने फर्जीवाड़े का विश्लेषण कर सबसे ज्यादा प्रभावित तेरह क्षेत्रों की पहचान की है। सीबीआई ने कई बैंकों के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ फर्जीवाड़े में शामिल होने का मामला दर्ज किया है लेकिन इन मामलों में क्या कार्रवाई हो रही है इस बाबत किसी तरह की सूचना नहीं मिल पाई है। आखिर बैंकों के साथ फर्जीवाड़े में शामिल लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कर सख्त कदम कब उठाए जाएंगे?

● *अमन सिंह, प्रेमनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश*

नई फिल्म

- सिन
- झलकी

बॉक्स ऑफिस

फिल्म	कुल कमाई
भारत	41.5 करोड़
गॉडजिला 2	17.25 करोड़
दे दे प्यार दे	88.25 करोड़
मोदी	20 करोड़

6 जून तक की कमाई



जन्मदिन

एकता कपूर	7 जून
डिम्पल कपाड़िया	8 जून
सोनम कपूर	9 जून
अमीषा पटेल	9 जून

नृत्य कोई भी हो, कसौटी तो शास्त्रीय ही होती है : माधुरी

आरती सक्सेना

आमने सामने

कलर्स चैनल पर एक बार फिर डांस रिएल्टी शो का सबसे लोकप्रिय नृत्य शो 'डांस दीवाने'2 आ रहा है। यह 15 जून से शनिवार-रविवार रात 9 बजे से प्रसारित होगा। इस शो की खासियत यह है कि इस बार भी धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित नेने अपने दो साथी जजों तुषार कालिया और फिल्म निर्देशक शशांक के साथ जज बनेंगी। माधुरी इस शो को लेकर कितनी उत्साहित हैं? डांस दीवाने के मंच पर इस बार क्या नया होने वाला है? साथ ही माधुरी अपनी पेशेवर और निजी जिंदगी को लेकर क्या कहती हैं? जानते हैं माधुरी की जुबानी...

सवाल : डांस दीवाने2 के बारे में क्या कहेंगी?

● मैं इस शो को लेकर हमेशा रोमांचित रहती हूं। मुझे इस शो में जज बनने में काफी आनंद महसूस होता है। इस बार जजों की तिकड़ी धमाल मचाने के लिए तैयार है। 15 जून से शुरू होने वाले शो में प्रतियोगी बहुत तगड़े हैं और प्रतिस्पर्धा का उच्चतम स्तर देखने को मिलेगा।

सवाल : कुछ बदलाव या नया देखने को मिलेगा?

● शो के फारमेट मे खास बदलाव नहीं होगा। इस बार के प्रतियोगी पहले से ज्यादा धमाल वाले और प्रतिभासंपन्न हैं। एक छोटा लड़का है नागराज। वह कमाल का नर्तक है। दर्शकों को हिप हॉप, टेलीवुड स्टाइल डांस भी देखने को मिलेगा।

सवाल : डांस दीवाने2 में तीन पीढ़ियां हैं। किस पीढ़ी को मंच पर लाने मे सबसे ज्यादा तकलीफ होती है?

● पिछली बार हमें तीसरी पीढ़ी को चुनने में दिक्कत आई थी। इसकी वजह थी कम प्रतिस्पर्धियों का आना। इस बार तीसरी पीढ़ी में ढेरों प्रतियोगी हिस्सा लेने के लिए आए और सब एक से बढ़कर एक हैं। इसलिए इस बार दफा कोई परेशानी पेश नहीं आई।

सवाल : आज का नृत्य पहले के मुकाबले काफी अलग हैं। पहले लोग चेहरे के हाव-भाव पर निर्भर होते थे और आज शरीर के मूवमेंट पर। इस फर्क पर आपकी राय?

● आजकल यूटयूब और सोशल मीडिया की बदौलत कई देशों की नृत्य पद्धतियां देखने को मिल रही हैं। आज की पीढ़ी इसे शीघ्रता से अपना रही है। आजकल इसी का असर है। फिर भी कोई नृत्य हो, उसका आधार क्लासिकल ही होता है। अगर आप कथक जानते हैं तो आप चेहरे के हाव भाव सही ढंग से दे पाएंगे। लिहाजा हम क्लासिकल डांस को ही प्राथमिकता देते हैं भले ही कोई भी पद्धति क्यों न हो।

सवाल : आप अभिनय से ज्यादा प्यार है या नृत्य से?

● यह तो ऐसा ही पूछना हुआ... कि मुझे जिंदगी से ज्यादा प्यार है या सांसों से। मेरे लिए दोनों ही खास हैं। इनके बिना मेरा जीवन अधूरा है जैसे के मै हमेशा कहती हूं कि नृत्य अगर मेरा पैशन है तो अभिनय मेरा पहला प्यार है।

सवाल : आपके पति और बच्चों की निगाह में नृत्य के क्या मायने हैं? क्या दोनों को नृत्य या अभिनय में दिलचस्पी है?

● पतिदेव को नृत्य में अच्छी खासी दिलचस्पी है। वे बहुत अच्छा नृत्य करते हैं लेकिन सबके सामने प्रदर्शन करने से थोड़ा शर्माते हैं। मेरा बड़ा बेटा दसवीं में है और छोटा आठवीं मं। बड़े बेटे को नृत्य और अभिनय मे थोड़ी दिलचस्पी है। छोटे बेटे को पापा की तरह विज्ञान और इंजीनियरिंग में ज्यादा दिलचस्पी है। वैसे दोनों ही बेटे संगीत में खूब दिलचस्पी रखते हैं। एक बेटा प्यानो बजाना सीख रहा है तो दूसरा बेटा तबला।

सवाल : पिछले दिनों आप फिल्मों में भी सक्रिय रही हैं। आपकी दो फिल्में कलंक और टोटल धमाल रिलीज हुईं। क्या आगे कोई फिल्म आने वाली है?

● फिलहाल तो मेरा ध्यान डांस दीवाने शो में निर्णायक की भूमिका की तरफ है। पिछले दिनों मैंने दो फिल्मो में काम कर लिया है। आगे अगर कोई अच्छी स्क्रिप्ट मिली तो मैं जरूर उस फिल्म में काम करना चाहूंगी।

आगे अगर कोई अच्छी स्क्रिप्ट मिली तो मैं जरूर उस फिल्म में काम करना चाहूंगी।

सवाल : आप पर जल्द ही बायोपिक बनने जा रही हैं?

● नहीं... यह अफवाह है। मैं किसी बायोपिक में काम नही कर रही हूं। बायोपिक में फिलहाल दिलचस्पी नहीं है।

खबर कोना

मैं भविष्य में राजनीति में प्रवेश करना चाहूंगी : प्रियंका चोपड़ा



देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं। कई सुपरहिट फिल्मों दे चुंकी प्रियंका लंबे समय से स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला अधिकारों जैसे सामाजिक मुद्दों का सक्रियता से प्रचार करती रही हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि वे भविष्य में राजनीति में प्रवेश करना चाहेंगी। उनकी अपने गायक पति निक जोनास के लिए राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाएं हैं और वे अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करेंगी। चोपड़ा ने द संडे टाइम्स से कहा, 'मैं भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ना चाहूंगी। मैं चाहूंगी कि निक राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ें। मैं राजनीति से जुड़ी चीजें पसंद नहीं करती लेकिन मैं जानती हूं कि हम दोनों वास्तव में बदलाव लाना चाहते हैं। कभी ना मत कहो।' अभिनेत्री-प्रोड्यूसर ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक झुकाव व्यक्त करने से बचने की कोशिश की है क्योंकि उन्हें मानवीय कार्यो को करना अच्छा लगता है। चोपड़ा ने कहा कि जोनास अच्छे नेता साबित होंगे। उन्होंने कहा, ''वे नारीवादी शब्द का इस्तेमाल करने से डरते नहीं हैं और मुझे यह पसंद है।' दंपति ने गत दिसंबर में शादी की थी।

फर्स्ट लुक पोस्टर की आलोचना पर अचरज : तापसी



फिल्म अभिनेत्री तापसी पन्नू का कहना है कि उन्हें 'सांड की आंख' के पहले लुक पोस्टर की आलोचना पर आश्चर्य हुआ, क्योंकि उन्हें और उनकी सह कलाकार भूमि पेडनेकर को उन किरदारों में ढलने के लिए काफी समय लगा, जिसमें उन्हें अपनी उम्र से दोगुनी उम्र की महिला की भूमिका में दिखना था। फिल्म में दुनिया के सबसे उम्रदराज शार्पशूटर चंद्रो और प्रकाशी तोमर की कहानी को दिखाया गया है और इसमें मुख्य भूमिका में तापसी और भूमि हैं। दो युवा अभिनेत्रियों को 60 वर्षीय महिला के किरदार को निभाने और शॉर्पशूटरों की उम्र के करीब नहीं दिखने को लेकर फिल्म के पोस्टर की आलोचना हो रही है। इस मामले में तापसी ने कहा, 'मैं बहुत हैरान हूं और हंसी आ रही है कि, किसी ने मुझसे सवाल नहीं किया जब मैंने 30 साल की उम्र में एक कॉलेज की लड़की का किरदार निभाया था। कोई भी सवाल नहीं करता है जब ज्यादा उम्र वाले अभिनेता कॉलेज छात्रों का किरदार निभाते हैं।

नेटफ्लिक्स की फिल्म 'सीरियस मैन' में नजर आएंगे नवाजुद्दीन

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली फिल्म 'सीरियस मैन' में नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी मनु जोसफ की इसी नाम से लिखी गई किताब पर आधारित है। सिद्दीकी दूसरी बार नेटफ्लिक्स पर दिखेंगे। इससे पहले वह वेब सीरिज 'सैक्रेड गेम्स' में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन सुधीर मिश्रा करेंगे। इसे बॉम्बे फेबल्स और सिनेरास एंटरनेटमेंट की प्रस्तुति है। इस फिल्म की कहानी कुछ ऐसी है कि झोपड़पट्टी में रहनेवाला एक व्यक्ति दुनिया को अपने 10 वर्षीय बेटे को जीनियस बता कर ठगता है। बाद में उसे समझ में आता है कि इस खेल का पीड़ित उसका बेटा ही है। सिद्दीकी ने कहा, 'मैं नेटफ्लिक्स के 'सीरियस मैन' का हिस्सा होकर और सुधीर मिश्रा जैसे व्यक्ति के साथ काम करके भी खुश हूं। नेटफ्लिक्स पर मैं 'सैक्रेड गेम्स' के बाद दूसरी बार नजर आऊंगा।

रोहित ने किया 'सूर्यवंशी' पर बारीकी से काम : कैटरीना कैफ



फिल्म अभिनेत्री कैटरीना कैफ का कहना है कि उनकी आगामी फिल्म 'सूर्यवंशी' के निर्देशक रोहित शेट्टी ने फिल्म की कहानी पर बारीकी से काम किया है। कैटरीना को रोहित की पुलिस फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म में अक्षय कुमार के साथ प्रमुख महिला किरदार के रूप में रखा गया है। कैटरीना ने कहा, 'अक्षय के साथ काम करना बहुत अच्छी बात है। मैं उन्हें लंबे समय से जानती हूं। रोहित इसको लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि इस फिल्म से उन्हें क्या चाहिए। इस फिल्म के पीछे एक सोच है और यह सावधानीपूर्वक और सोच समझकर किया गया है।' 'सूर्यवंशी' में, रोहित ने अपने दो अन्य लोकप्रिय पुलिस चरित्रों - 'सिंघम' (अजय देवगन) और 'सिम्बा' (रणवीर सिंह) की विशेष उपस्थिति की योजना बनाई है।

सेल्फी हो जाए

दो सितारों का मिलन

अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज मैरी कॉम (बाएं) और हिंदी फिल्म अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा गुरुवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में।

युवाओं को पारंगत करने के लिए कलाकारों का समागम

शशिप्रभा तिवारी

इन दिनों स्पिक मैके का अंतरराष्ट्रीय समागम जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में चल रहा है। इस समागम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एम जगदीश कुमार, स्पिक मैके संस्थापक डॉ किरण सेठ, समागम की अध्यक्ष ऊषा रविचंदर ने किया। इस अवसर पर हुए समारोह में सत्रीय नृत्य गुरु घनाकांत बोरा मुक्तियार ने पेश किया। साथ ही, विदुषी ए कन्याकुमारी ने वायलिन वादन पेश किया।

नृत्योत्सव

समय की पाबंदी के कारण गुरु घनाकांत बोरा ने अपनी प्रस्तुति का आरंभ शंकर देव रचित कीर्तन घोष की एक रचना से किया। इसमें विष्णु के दस अवतारों का वर्णन था। गुरु घनाकांत ने हस्तकों, अभिनय और भंगिमाओं के जरिए कृष्ण के वासुदेव, देवकीनंदन, गोपाल, कुमार, गोविंद रूपों को दर्शाया। प्रस्तुति काफी सुगठित और मनोरम थी।

सत्रीय नृत्य के बारे में गुरु धनाकांत बोरा ने बताया कि सत्र में प्रशिक्षण के दौरान गुरु कड़े अनुशासन में शिष्यों को रखते हैं। वहां सुबह चार बजे से ही प्रार्थना, खोल वादन और नृत्य सिखाना शुरू हो जाता है। सत्रीय नृत्य सिर्फ नृत्य नहीं है, यह संपूर्ण जीवन शैली है और इसमें चौसठ कलाओं के अंश समाहित हैं। यह धर्म और भक्ति का मार्ग है। नृत्य में धर्म के मार्ग पर चल कर हम भक्ति के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। अपने इष्ट के प्रति जब हम पूर्ण समर्पित होते हैं तभी हमारे नृत्य में भावना यानी पवित्रता एवं चमक पैदा होती है।

गुरु घनाकांत बोरा के इन्हीं भावों को शिष्या अन्वेषा मोहंता ने भी पेश किया। अन्वेषा ने सत्रीय के नाट्य व अभिनय पक्ष को अपनी प्रस्तुति में उभारा। उन्होंने मथुरा विजय नृत्य रचना पेश की। यह राग गौरी और कई तालों में निबद्ध थी। इसमें नृत्यांगना अन्वेषा ने कृष्ण के जीवन से जुड़े कई प्रसंग-कुब्जा, असुर मल के साथ युद्ध, गोवर्धन लीला व कंस वध को चित्रित किया।

स्पिक मैके के संस्थापक डॉ किरण सेठ ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं को भारतीय सांस्कृतिक, परंपरा और उसके मूल से परिचित कराना है। ताकि, युवा अपनी संस्कृति के गरिमापूर्ण सौंदर्य और समृद्ध कलाओं की वैभवशाली महिमा को सिर्फ जाने ही नहीं, बल्कि उसे आत्मसात भी करे। यह सच है कि आज के युवा कलाकारों में वह चिंतन-मनन और साधना नहीं है, जो शास्त्रीय संगीत के लिए जरूरी है। पुरानी पीढ़ी के लोगों में यह गुण था।

सातवां समागम आठ जून तक चलेगा। इस दौरान कई नृत्य गुरु जैसे-सरोजा वैद्यनाथन, जयराम व वनश्री राव, घनाकांत बोरा, भारती शिवाजी, रागिनी चंद्रशेखर, कविता द्विवेदी, रानी खानम, गीतांजलि लाल व मुन्ना शुक्ल ने शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न शैलियों के तकनीकी पक्ष से छात्र-छात्राओं को परिचित करा रहे हैं। देश भर के विभिन्न स्कूल-कॉलेज के करीब 1500 विद्यार्थी इस सांस्कृतिक पहल के साक्षी बन रहे हैं।

जीवन (24 अक्तूबर 1915 -10 जून 1987)

मुंबई ने फैलाई कश्मीर के केसर की सुगंध

गणेशनंदन तिवारी

हमारी याद आएगी

मुकेश हीरो बनने आए, गायक बन गए। राज खोसला गायक बनने आए, निर्देशक बन गए। जावेद अख्तर निर्देशक बनने आए, लेखक बन गए। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री को इस बात से कोई लेना देना नहीं होता कि आप खुद को किस हुनर में तुर्रम खां समझते हैं। वह तो अपनी जरूरत के मुताबिक आपके अंदर की छुपी प्रतिभा को बाहर निकाल लेती है। जैसे 1935 में फोटोग्राफी का हुनर सीखने आए एक युवा कश्मीरी पंडित से मुंबइया फिल्म जगत ने खूब 'नारायण नारायण' कहलवाया और इतना खूंखार खलनायक बना दिया कि नामीगिरामी सुपर स्टारों को आंखें दिखा सके।

बात 1933-34 की होगी। श्रीनगर के युवा कश्मीरी पंडित ओंकार ने तय किया कि वे मुंबई जाकर फोटोग्राफी सीखेंगे और फिर ठाठ से श्रीनगर में फोटो स्टूडियो खोलेंगे। मुंबई में उनके बड़े भाई थे। हालांकि भाई तो ओंकार के खूब सारे थे। 22 भाई एक बहन। तो गरमियों की छुट्टियों में ओंकार मुंबई पहुंचे। बड़े भाई, जो मशहूर लेखक गीतकार डीएन मधोक के असिस्टेंट थे, ने मधोक से कहा कि छोटा भाई फोटोग्राफी सीखना चाहता है। मदद करें। मधोक ने तो मदद नहीं की मगर ओंकार को मोहन स्टूडियो में काम मिल गया। वहां रिफ्लेक्टर पर चमकीला कागज लगाने वाले की जरूरत थी। शूटिंग के दौरान लाइटमैन इस रिफ्लेक्टर पर रोशनी डालता था, जो परावर्तित होकर कैमरे के सामने खड़े कलाकारों के चेहरे पर डाली जाती थी। ओंकार रिफ्लेक्टर बॉय बनकर कलाकारों के चेहरे रोशन करने लगे।

एक दिन ओंकार अपने रिफ्लेक्टर बॉय मित्र द्वारका द्विवेचा (जो बाद में 'शोले' के कैमरामैन बने) के साथ रिफ्लेक्टर पर कागज लगाकर उसके धूप में सूखने रख कर इंतजार कर रहे थे कि मोहन स्टूडियो के मालिक मोहन सिन्हा ने उन्हें देखा। वे नई फिल्म 'फैशनेबुल इंडिया' के कलाकारों का चुनाव कर रहे थे। जो लोग आए थे, मोहन सिन्हा को उनमें से कोई फिट नहीं लगा था। सिन्हा ने ओंकार से कहा, 'कैमरे के सामने तुम भी कुछ बोल कर दिखाओ।' ओंकार ने नाटकों के संवाद बोले फिर नौटंकियों के चौबोले सुनाने शुरू किए। सुनने वाले अवाक थे और ओंकार की आवाज के उतार-चढ़ाव में डूबे थे। ओंकार ने बोलना बंद किया तो सन्नाटा पसरा हुआ था। लोगों की तंद्रा टूटी और वे वाह वाह करने लगे। मोहन सिन्हा ने आखिर ओंकार को इस फिल्म के लिए चुन लिया। इस तरह फोटोग्राफी सीखने आए ओंकार फोटोग्राफी भूल एक्टिंग करने लगे। कुछ फिल्मों में हीरो भी बने। मगर बात नहीं बनी।

1947 में ओंकार ने 'भक्त ध्रुव' नामक फिल्म में नारद की भूमिका निभाई। फिल्म में उनकी भूमिका और 'नारायण नारायण' का उद्घोष ऐसे छाया कि फिल्म जगत ने ओंकार को नारद की भूमिका में कैद कर दिया और उन्हें दर्जनों फिल्मों में नारद की भूमिका निभानी पड़ी। मगर हुनर सीखने निकले ओंकार 12 साल में इतने हुनरमंद बन गए थे कि दो अलग अंदाजों को साथ-साथ निभा सकें। एक ओर पौराणिक फिल्मों में ओंकार नारद बन रहे थे, दूसरी ओर 1948 की 'मेला' में खलनायक महकू की भूमिका से उन्होंने धूम मचा दी। फिल्म के गाने 'धरती को आकाश पुकारे...' और 'गाए जा गीत मिलने के...' खूब चले। फिल्म के साथ ओंकार भी चल निकले और फिर तो उन्होंने देव आनंद, दिलीप कुमार, राज कपूर से लेकर राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन जैसे सुपर स्टारों को बरखुरदार कहते हुए आंखें दिखाईं। कश्मीरी ओंकार केसर की तरह पचास साल तक मुंबइया सिनेमा में महके। अपने अंदाज से उन्होंने लोगों का मनोरंजन किया। इन्हीं ओंकार को हिंदी सिनेमाप्रेमी जीवन के नाम से जानते हैं। बाद में जीवन के बेटे किरण कुमार ने भी हिंदी-गुजराती फिल्मों में काम किया। सिनेमाप्रेमियों ने सिर आंखों पर बिठाया और वे गुजराती फिल्मों के सुपर स्टार बने।

तेलंगाना : कांग्रेस ने लगाया विधायकों को खरीदने का आरोप

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 जून।

● पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि जनादेश की खरीद-फरोख्त को जनता माफ नहीं करेगी

तेलंगाना में पार्टी के एक दर्जन विधायकों के सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) में शामिल होने को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल ने विधायकों को सत्ता और पैसे के दम पर खरीदा है। पार्टी ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा कि जनादेश की इस खरीद-फरोख्त को समूचा देश देख रहा है, जनता देख रही है और वक्त आने पर वह इसका माकूल जवाब देगी। पार्टी ने देश के अलग-अलग हिस्सों में की कांग्रेस इकाइयों में सामने आ रही अनुशासनहीनता को लेकर भी सफाई दी और कहा कि पार्टी का अपना एक लोकतांत्रिक ढांचा है और इसके तहत संबंधित पदाधिकारी जरूरी कदम उठा रहे हैं।

कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि आपके पास सत्ता आ जाए, पैसा आ जाए, इसका मतलब यह नहीं कि आप अपनी मनमर्जी चलाने लग जाएं। लोकतंत्र में ऐसी बातों की कोई जगह नहीं है। तेलंगाना में एक दर्जन पार्टी विधायकों के टीआरएस में शामिल होने को लेकर उन्होंने कहा कि इन विधायकों की खरीद-फरोख्त हुई है जो सरासर लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि ये विधायक कांग्रेस के टिकट पर टीआरएस के खिलाफ चुनाव जीत कर आए। उधर, इसी मुद्दे पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एन उत्तम कुमार रेड्डी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) को आड़े हाथ लिया और उन पर विधायकों को खरीदने का आरोप लगाया।

राजस्थान में एक कांग्रेस विधायक द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ आवाज बुलंद किए जाने को लेकर पूछने पर खेड़ा ने कहा कि वहां के प्रभारी महासचिव ने इस संबंध में जरूरी कदम उठाए हैं और संबंधित विधायक से उनके बयान को लेकर पूछताछ की जा रही है। इसी प्रकार पंजाब में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और उनकी सरकार के चर्चित मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा कैबिनेट की बैठक का बहिष्कार किए जाने को लेकर कहा कि सूबे की महासचिव इस मामले को देख रही हैं और जो संबंध में जो भी जरूरी कदम उठाने होंगे, वे उठाएंगी।

खेड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है। सवा सौ साल से ज्यादा पुरानी पार्टी है। इसने धूप-छांव सब देखे हैं। सत्ता देखी है तो विपक्ष में भी रही है। जाहिर तौर पर उसको मालूम है कि कब और कैसा कदम उठाना है।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों से पार्टी की आंतरिक कलह सामने आ रही है। महाराष्ट्र से तेलंगाना तक पार्टी विधायक, दूसरे दलों का दामन थाम रहे हैं। कई स्थानों पर स्थानीय नेतृत्व के खिलाफ भी आवाज बुलंद की जा रही है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक-गहलोत व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच तलवारें खिंची हैं तो मध्य प्रदेश में कमलनाथ व ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। इसी प्रकार पंजाब में कैप्टन अमरिंदर व नवजोत सिंह सिद्धू के बीच तनातनी का आलम है।

प्रशांत किशोर ने ममता बनर्जी से मुलाकात की

कोलकाता, 6 जून (भाषा)।

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को यहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। इससे ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि वे निकट भविष्य में उनके साथ काम कर सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ तृणमूल सांसद और बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के साथ किशोर ने दो घंटे तक चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि बनर्जी की इच्छा हो, तो किशोर उनके साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

बनर्जी और किशोर के बीच बैठक ऐसे समय में हुई है जब राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से तृणमूल सुप्रीमो को कड़ी चुनौती मिल रही है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में कुल 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत दर्ज की थी, जो राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस से सिर्फ चार कम है। शानदार प्रदर्शन से उत्साहित, भगवा पार्टी के नेता दावा कर रहे हैं कि उनका अगला लक्ष्य 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। गुरुवार की बैठक से संकेत मिलता है कि बनर्जी बंगाल में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए चुनावी रणनीतिकार की सेवा ले सकती हैं।

राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सैनी बोले, अकबर चरित्रहीन था

जनसत्ता ब्यूरो
जयपुर, 6 जून।

राजस्थान में गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती के मौके पर एक बार फिर अकबर और प्रताप को लेकर विवाद उठ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदनलाल सैनी ने कहा कि मुगल शासक अकबर कभी महान नहीं हो सकता है। अकबर चरित्रहीन था और उसने मीना बाजार लगाया था जहां सारे काम महिलाएं करती थीं। अकबर भेष बदल कर मीना बाजार में जाता था। महाराणा प्रताप महान थे और इसलिए अकबर और प्रताप की तुलना हो ही नहीं सकती है।

प्रदेश में महाराणा प्रताप की 479वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश भाजपा दफ्तर में भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में ही प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने अकबर और महाराणा प्रताप को लेकर अपने विचार रखें। इस दौरान उन्होंने अकबर के कामकाज की तीखी आलोचना करते हुए उसे महान मानने से साफ इनकार कर दिया। सैनी ने कहा कि महान वो होता है जो धर्म, संस्कृति और सम्मान के लिए संघर्ष करता है। उन्होंने कहा कि हम जब महाराणा प्रताप की जीवनी पढ़ते हैं तो देखते हैं कि उन्होंने किसी की जमीन हथियाने के लिए कोई काम नहीं किया। प्रताप ने उनकी अधीनता स्वीकार नहीं की जिन्होंने इस देश पर आक्रमण किया था और जो देश को गुलाम बनाने आए थे। इसलिए महाराणा प्रताप महान हैं।

सैनी ने तीखे शब्दों में कहा कि अकबर तो कभी महान हो ही नहीं सकता। अकबर एक आक्रांता था। उसने हिंदुओं पर काफी अत्याचार किए। महाराणा प्रताप के सामने अकबर को महान बनाना इतिहास से खिलवाड़ और मजाक है। यह युवा पीढ़ी को कभी भी प्रेरणा नहीं दे सकता है। महाराणा प्रताप ने सभी सुख सुविधाएं त्याग कर जंगल-जंगल भटक कर सेना इकट्ठी कर अकबर से संघर्ष किया। अकबर अपने पूरे जीवनकाल में प्रताप को कभी हरा नहीं सका। इतिहास में महाराणा प्रताप जैसा उदाहरण कोई नहीं मिलता है। राज्यपाल कल्याण सिंह, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर सीपी जोशी समेत तमाम नेताओं ने इस मौके पर प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कहीं। प्रदेश में प्रताप जयंती पर राज्य सरकार की तरफ से अवकाश भी रखा गया।

एसएससी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, 6 जून (भाषा)।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में एक, और गाजियाबाद में तीन जगह हाल में हुई छापेमारी के बाद ये गिरफ्तारियां हुई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र लीक मामले के कथित मुख्य षड्यंत्रकारी अक्षय कुमार मलिक को दो अन्य आरोपियों संदीप माथुर और धर्मेंद्र के साथ हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि सीबीआइ ने प्रश्नपत्र लीक के संबंध में 'सिफी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' के दस कर्मचारियों सहित 17 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप है कि 21 फरवरी 2018 को आयोजित हुई सीजीएल परीक्षा 2017 के दूसरे चरण का प्रश्नपत्र और इसकी उत्तर कुंजी कथित रूप से लीक हो गई थी और परीक्षा शुरू होने से पहले इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्रों को इस तरह से तैयार किया गया था कि परीक्षार्थियों को एक खास तरीके से प्रश्न मिलें।

शिवसेना ने लोकसभा में उप सभापति का पद मांगा

मुंबई, 6 जून (भाषा)।

भाजपा की अगुवाई वाले राजग में शामिल शिवसेना ने गुरुवार को कहा कि उसने लोकसभा में उप सभापति का पद मांगा है।

पार्टी के नेता तथा राज्यसभा के सदस्य संजय राउत ने बताया कि यह मांग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तक पहुंचा दी गई है। उन्होंने कहा, 'पार्टी ने उप सभापति का पद मांगा है और हमने अपनी मांग भाजपा तक पहुंचा दी है।' राउत ने कहा कि पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और सारे सांसद संसद के अगले सत्र के शुरू होने से पहले अगले सप्ताह अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मकसद विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराना है।

पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री एवं राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल ने कई करोड़ रुपए के कथित विमानन घोटाले के कारण सरकारी कंपनी एयर इंडिया को हुए नुकसान से संबंधित धन शोधन मामले की जांच में ईडी के सामने पेश होने के लिए गुरुवार को दूसरी तारीख देने का आग्रह किया।

संघीय एजंसी ने एक अदालत में हाल में एक आरोप पत्र दायर किया, जिसमें कथित विमानन लॉबीस्ट दीपक तलवार को जानने वाले व्यक्ति के रूप में पटेल का भी नाम शामिल है। उन्हें पहले गुरुवार को एजंसी के समक्ष पेश होना था। 2004 से 2011 के बीच नागरिक उड्डयन मंत्री रहे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता के नाम का उल्लेख आरोपी के तौर पर नहीं किया गया है।

पटेल ने कहा, 'मेरी पूर्व की प्रतिबद्धताओं के कारण मैंने ईडी से दूसरी तारीख देने का आग्रह किया है।' राज्यसभा के सांसद पटेल का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जाएगा। पटेल ने पूर्व में बताया था कि विमानन उद्योग की जटिलताओं को समझने के लिए ईडी का सहयोग करके उन्हें खुशी होगी।

निपाह के छह संदिग्ध मरीजों की जांच के नतीजे निगेटिव आए

कोच्चि/ नई दिल्ली, 6 जून (भाषा)।

केरल की स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा ने गुरुवार को कहा कि निपाह विषाणु की चपेट में आए छह लोगों के नमूनों के परिणाम निगेटिव आए हैं और इससे संकेत मिलता है कि यह विषाणु फैला नहीं है।

इन छह लोगों में एक नर्सिंग असिस्टेंट और तीन नर्स भी शामिल हैं जो विषाणु से संक्रमित कॉलेज छात्र के इलाज के वक्त मौजूद थे। इन छह लोगों के रक्त परीक्षण के परिणाम केरल के अधिकारियों के लिए बड़ी राहत लेकर आए हैं, जो इस अति संक्रामक विषाणु को रोकने का प्रयास कर रहे हैं जिसने पिछले साल राज्य में 17 लोगों की जान ले ली थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने नई दिल्ली में कहा कि निपाह संक्रमण की चपेट में आए कॉलेज छात्र की हालत स्थिर है और उसके संपर्क में आए कुल 314 लोगों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

शैलजा ने कहा कि जिन छह लोगों के जांच परिणाम निगेटिव आए हैं, वे संक्रमित मरीज के सीधे संपर्क में आए थे। मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'निपाह की जांच निगेटिव आई है। इसका मतलब है कि विषाणु फैला नहीं है। यह हमारे लिए बड़ी राहत की बात है।' उन्होंने कहा कि सातवें व्यक्ति के जांच परिणाम का इंतजार किया जा रहा है।

> **इनमें एक नर्सिंग असिस्टेंट और तीन नर्स भी हैं जो छात्र के इलाज के वक्त मौजूद थे**

इन सबका फिलहाल यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज कलमासेरी में इलाज चल रहा है। इन नमूनों की जांच पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान में की गई। सरकार की ओर से बुधवार को जारी एक बुलेटिन में बताया गया था कि विभिन्न जिलों के कुल 314 लोगों को निगरानी में रखा गया है।

इन 314 में से सात लोगों को अस्पताल के 'आइसोलेशन वार्ड' में रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने संक्रमण के संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाने और 'आइसोलेशन वार्ड' का जायजा लेने के लिए महामारी रोग विशेषज्ञ समेत छह लोगों की टीम को काम पर लगाया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने केरल में जनस्वास्थ्य उपायों का बुधवार को जायजा लेने के बाद कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्र ने कई विषयों के विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा महामारी की जांच और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के साथ एक अलग आइसोलेशन वार्ड बनाए जाने पर चर्चा की। कालीकट, त्रिशूर और कोट्टायम के मेडिकल कॉलेजों में भी आइसोलेशन वार्ड सुनिश्चित करने को कहा गया है।

पासिंग आउट परेड के बाद 382 नए सैन्य अफसर मिलेंगे सेना को

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 6 जून।

भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में आठ जून को होने वाली पासिंग आउट परेड में 382 भारतीय और 77 विदेशी कैडेट भाग लेंगे। ये शनिवार को परेड के बाद अपने-अपने देशों की सेनाओं में सैन्य अफसर के रूप में शामिल हो जाएंगे। यह जानकारी अकादमी के जनसंपर्क अधिकारी और लेफ्टिनेंट कर्नल शिवेंद्र सिंह ने दी।

गुरुवार को अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड ड्रिल स्क्वायर में 8 जून को होने वाली परेड का अभ्यास किया गया। अभ्यास परेड की सलामी अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एसके झा ने ली। इस परेड में 382 भारतीय और 77 विदेशी कैडेट ने भाग लिया।

> ● गुरुवार को अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड ड्रिल स्क्वायर में 8 जून को होने वाली परेड का अभ्यास किया गया। अभ्यास परेड की सलामी अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एसके झा ने ली।

अभ्यास परेड को देखने के लिए देहरादून और अन्य शहरों से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, स्थानीय नागरिक और सेना के जवान अपने परिवार और दोस्तों के साथ आए थे। भारतीय सैन्य अकादमी के लेफ्टिनेंट जनरल झा ने कैडेटों को शानदार परेड के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परेड उच्चस्तरीय प्रेरणादायी है जो अकादमी की परंपराओं का पालन करती है और यह हमें गौरवान्वित करती है। साथ ही हमारे भीतर देश भावना जागृत करती है। झा ने कहा कि भारतीय सेना की प्रतिष्ठा उनके कंधों पर मजबूती से टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ यह सम्मान अर्जित किया है और उन्हें चरित्र, क्षमता, प्रतिबद्धता और करुणा के सेना के मूल मूल्यों पर खरा उतरने की जरूरत है।

उपभोक्ता को पूर्व बीमारी के बहाने नहीं टरका सकती बीमा कंपनी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 जून।

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निपटारा आयोग (एनसीडीआरसी) ने व्यवस्था दी है कि किसी बीमे के दावे को केवल इस पूर्वानुमान के आधार पर नहीं ठुकराया जा सकता कि एक व्यक्ति पहले से ही किसी बीमारी से पीड़ित रहा होगा।

उपभोक्ता मामलों के निपटारे के सर्वोच्च निकाय एनसीडीआरसी ने यहां तक कहा कि अगर कोई बीमित आदमी किसी बीमारी से पीड़ित है और उसे इसके बारे में पता नहीं है या उसने इसके लिए कोई दवाई नहीं ली है तो भी बीमा करने वाली कंपनी उसके दावे से इनकार नहीं कर सकती है। आयोग ने यह संज्ञान रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की एक पुनर्विचार याचिका के निपटारे के दौरान लिया। यह याचिका महाराष्ट्र राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई थी। राज्य आयोग ने जिला उपभोक्ता मंच के निर्णय को बरकरार रखा था। इस फैसले में डायबिटिक कीटोएसिडोसिस बीमारी की वजह से हुई मौत के मामले में बीमा पॉलिसी लेने वाली महिला के पति को एक लाख 12,500 रुपए देने का फैसला दिया गया था। जिला उपभोक्ता अदालत ने मानसिक और शारीरिक यंत्रणा के मुआवजे के तौर पर पांच हजार रुपए और मुकदमे के खर्च के मुआवजे के तौर पर तीन हजार रुपए अलग से देने का भी आदेश दिया था। आयोग ने पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए कहा कि बीमित व्यक्ति को पहले से कोई बीमारी है, इसे साबित करने का दायित्व बीमा कंपनी का है। आयोग ने कहा कि डायबिटीज, जीवनशैली की बीमारी है और समस्त बीमे के दावे को केवल इसी आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता। याची की पत्नी रेखा हल्दार की डायबिटिज कीटोएसीडोसिस की वजह से मौत हो गई थी। उन्होंने रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 12 जुलाई 2010 को पॉलिसी ली थी। हालांकि बीमा कंपनी ने उनका दावा इस आधार पर अस्वीकार कर दिया था कि उन्हें पहले से ही बीमारी थी।

हल्दार के पति की याचिका पर महाराष्ट्र के जलगांव की अदालत ने कंपनी को उन्हें 1.12 लाख रुपए देने का आदेश सुनाया था।

चंदा कोचर से फिर होगी पूछताछ

नई दिल्ली, 6 जून (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आइसीआइसीआइ-वीडियोकॉन धन शोधन मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाएगा। अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि ईडी जल्द बैंक के कुछ अधिकारियों से पूछताछ कर सकता है। इसके अलावा बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर से फिर पूछताछ हो सकती है।

प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले महीने कई बार की पूछताछ के बाद चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर के बयान दर्ज किए थे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि एजंसी चंदा कोचर के बयान के बाद अब बैंक के कुछ और अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाना चाहती है ताकि इस मामले में सही तस्वीर सामने आ सके। चंदा कोचर जल्द एजंसी के समक्ष पेश होंगी।

वाड्रा मामले में ईडी ने विदेशी एजंसियों से सहयोग मांगा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 जून।

प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है और ब्रिटेन की अपनी समकक्ष एजंसियों से वहां स्थित आधा दर्जन से अधिक संपत्तियों एवं संबंधित वित्तीय लेन-देन का ब्योरा साझा करने का आग्रह किया है। निदेशालय का दावा है कि ये संपत्तियां धनशोधन से हासिल रकम से खरीदी गईं और ये वाड्रा से जुड़ी हैं।

अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इन संपत्तियों को खरीदने के लिए इस्तेमाल किए गए धन के प्रवाह का खुलासा करने के लिए कुछ देशों की वित्तीय खुफिया इकाइयों से भी मदद मांगी है। उन्होंने कहा कि एजंसी लंदन और आसपास के क्षेत्रों में स्थित इन अचल संपत्तियों को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत अंतिम रूप से कुर्क करने के लिए एक ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के बहनोई वाड्रा से ईडी लंदन के 12, ब्रायंस्टन स्क्वायर स्थित 19 लाख ब्रिटिश पाउंड मूल्य की संपत्ति के संबंध में कई बार पूछताछ कर चुकी है। एजंसी का दावा है कि यह वाड्रा की संपत्ति है। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, एजंसी के पास सबूत हैं कि ब्रिटेन में कुछ और संपत्तियां वाड्रा से जुड़ी हैं। इनमें दो मकान-एक 50 लाख ब्रिटिश पाउंड मूल्य का और दूसरा 40 लाख ब्रिटिश पाउंड मूल्य का है। उन्होंने बताया कि संघीय धनशोधन रोधी एजंसी ने इन संपत्तियों की खरीद के लिए वाड्रा से जुड़े लोगों द्वारा साइप्रस और दुबई से किए गए गुप्त लेन-देन का पता लगाया है।

मृत किसानों के नामों पर कर्ज लेने वाली कंपनी के यहां छापे

मुंबई/नई दिल्ली, 6 जून (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मृत किसानों और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक कंपनी के जरिए 328 करोड़ रुपए की कथित कर्ज धोखाधड़ी के सिलसिले में गुरुवार को महाराष्ट्र में कई स्थानों पर छापे मारे। यह कंपनी एक नेता से जुड़ी हुई है जिनकी पार्टी महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ईडी के मुताबिक एजंसी ने गंगाखेड़ शुगर एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष रत्नाकर गुट्टे के खिलाफ धनशोधन रोकथाम कानून के तहत दर्ज आपराधिक मामले में मुंबई और परभणी जिले में 10 स्थानों पर छापा मारे। गुट्टे महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी राष्ट्रीय समाज पार्टी (आरएसपी) के सदस्य हैं और विजय गुट्टे के पिता हैं। विजय गुट्टे ने हाल ही में रिलीज़ हिंदी फिल्म, 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' का निर्देशन किया है। विजय गुट्टे को पिछले साल कथित जीएसटी धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया गया था। एजंसी ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने फर्जी तरीके से 8-10 हजार किसानों को कृषि कर्ज के नाम पर कई बैंकों से धोखाधड़ी कर कर्ज लिया है।

बीएस छह श्रेणी के नियम अगले साल से लागू होंगे : जावडेकर

नई दिल्ली, 6 जून (भाषा)।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 'भारत स्टेज' (बीएस) श्रेणी के छठे चरण के वाहन संबंधी नियम अगले साल 2020 से लागू होंगे।

जावडेकर ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएस छह मानकों पर आधारित वाहनों का प्रयोग 2022 से शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन हवा की गुणवत्ता अत्यधिक खराब होने के कारण सरकार ने इस श्रेणी के मानकों पर आधारित वाहनों को 2020 से ही प्रयोग में लाने का फैसला किया है।

जावडेकर ने कहा कि दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 2007 से खराब होनी शुरू हो गई थी। मोदी सरकार ने इस चुनौती को समस्या के संबंध में समाधान परक रुख अख्तियार करते हुए स्वीकार किया। इसके मद्देनजर सरकार ने 2018 में ही निर्धारित लक्ष्य से चार साल पहले ही बीएस चार मानक के बजाय सीधे बीएस छह मानक पर आधारित वाहनों का प्रयोग करने का फैसला किया था।

इसके मुताबिक दिल्ली सहित देश के अन्य शहरों में अगले साल से बीएस छह मानक पर आधारित वाहन उपलब्ध हो जाएंगे। इन शहरों में अगले साल से बीएस चार मानक वाला ईंधन भी मिलने लगेगा।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

कार्यालय कार्यपालक अभियंता (ईएंडएम)/ओंडो-II
लोधी रोड ऑटो वर्कशॉप,
सेवा नगर फ्लाईओवर के नीचे, नई दिल्ली-110003
सं. ईई (ईएंडएम)-II/एसडीएमसी/2019-20/105 दिनांक: 01.06.2019

एनआईटी प्रेस प्रचार सूचना

आयुक्त, एसडीएमसी की ओर से कार्यपालक अभियंता (ईएंडएम)-II, एसडीएमसी द्वारा एनआईटी नं. 01 दिनांक 01.06.2019 के माध्यम से प्रतिष्ठित एवं योग्य ठेकेदारों से दो भाग निविदा प्रणाली अर्थात् तकनीकी निविदा एवं मूल्य निविदा में ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER से डाउनलोड किये जा सकते हैं और एनआईटी के विस्तृत विवरण www.mcdonline.gov.in पर भी देखे जा सकते हैं।

निविदादाताओं से अनुरोध है कि किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई हो, के लिए साइट नियमित रूप से देखते रहें।

हस्ता./-
ईई (ईएंडएम)-II

RO. No. 9/DPI/S/2019-20

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे जनाईट, मैसर्स मुथूट फाईनान्स लि. (GSTIN 32AABCT0343B1Z7), पंजीकृत कार्यालय: तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि – 682018, केरल, भारत, CIN: L65910KL1997PLC011300, दूरभाष: +91 484-2396478, 2394712, फैक्स: +91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों (31.03.2018 की अवधि तक NPA खातों) की निम्नलिखित विवरणी के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

-नीलामी की तिथि: 20.06.2019

Hanumangarh Town (RA): MAL-1098, 1162, 1635, MGL-549, 1763, MSL-3904, 4108, 4109, 4290, 8320, 8325, 8386, 8393, 8449, 8471, 8545, MUL-2, 5, 9, 19, 20, 21, 23, 25, 26, 75, 79, 80, 108, 109, 141, 168, 171, 174, 178, 216, 255, 312, 319, 332, 361, 362, 383, 398, 399, 427, 467, 468, 480, 484, 503, 504, 526, 533, 546, 547, 552, 554, 555, 568, 591, 596, 610, 617, 641, 644, 651, 653, 654, 667, 712, 722, 725, 769, 781, 787, 788, 793, 802, 813, 825, 826, 919, 929, 944, 945, 949, 967, 1011, 1017, 1037, 1046, 1050, 1051, 1056, 1059, 1101, 1114, 1115, 1188, 1203, 1205, 1210, 1217, 1261, 1282, 1295, 1302, 1315, 1318, 1319, 1338, 1340, 1360, 1407, 1424, 1434, 1435, 1436, 1437, 1447, 1458, 1477, 1495, 1496, 1497, 1505, 1509, 1526, 1529, 1542, 1554, 1558, 1562, 1569, 1578, 1581, 1590, 1591, 1609, 1611, 1626, 1632, 1634, 1641, 1643, 1644, 1650, 1680, 1684, 1690, 1693, 1717, 1718, 1730, 1735, 1737, 1739, 1751, 1753, 1756, 1757, 1761, 1772, 1776, 1788, 1790, 1794, 1805, 1824, 1827, 1832, 1835, 1837, 1840, 1851, 1863, 1864, 1865, 1870, 1874, 1884, 1897, 1904, 1905, 1906, 1931, 1932, 1942, 1943, 1944, 1954, 1959, 1970, 1984, 1990, 1991, 1999, 2000, **Hanumangarh Junction (RA):** MAL-986, 987, 1457, 1529, 1712, MBL-2015, 2270, 2401, MSL-11690, 11691, 11737, 11739, 11830, 11831, 11954, 12081, 12086, 12136, MUL-100, 105, 282, 309, 352, 356, 361, 365, 384, 386, 407, 427, 503, 504, 512, 523, 546, 582, 614, 635, 720, 742, 759, 760, 761, 765, 785, 786, 787, 815, 823, 832, 836, 856, 922, 923, 925, 961, 971, 973, 991, 994, 1008, 1033, 1034, 1091, 1123, 1139, 1140, 1162, 1166, 1181, 1189, 1194, 1200, 1212, 1213, 1217, 1243, 1258, 1263, 1266, 1279, 1280, 1285, 1293, 1312, 1322, 1383, 1405, 1412, 1430, 1431, 1432, 1434, 1444, 1453, 1461, 1465, 1475, 1477, 1482, 1500, 1502, 1508, 1509, 1520, 1521, 1523, 1534, 1536, 1554, 1564, 1566, MWS-14, 19, 28, 32, 37, 43, 45, 60, 63, 66, 97, 133, 144, 160, 178, 179, 185, 189, 207, 217, 222, 232, 252, 256, 259, 260, 263, 264, 265, 273, 281, 301, 304, 308, 322, 329, 337, 338, 339, 342, 345, 359, 361, 367, 371, 375, 377, 378, 381, 397

कम शुद्धता के गहनों की नीलामी (30.09.2018 की अवधि तक एनपीए खाते)

-नीलामी की तिथि: 20.06.2019

Hanumangarh Junction (Ra): MAL-1250, MOL-190, MSL-12104, 12198, MUL-773, 1133, MWS-393, 1095

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी।

हालांकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी पूरी नहीं हो जाती तो ऐसी स्थिति में यह संबंधित नीलामी वहीं दिनांक 21.06.2019 को क्रमशः नीलामी केंद्र First Floor, Pawar Complex, Near Subhash Chowk, Hanumangarh Town - 335513 में संचालित की जाएगी/जारी रहेगी। और ऐसी स्थिति में जहां इस सबके बावजूद कथित गहनों की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएं नहीं दी जाएंगी।

-नीलामी की तिथि: 21.06.2019

Sri Ganga Nagar-Gol Bazar: MAL-905, 935, MBL-1798, 1799, 2216, 2391, MSL-2619, 3851, 4146, 8550, 8551, MUL-8, 32, 181, 479, 926, 1021, 1055, 1073, 1116, 1143, 1155, 1156, 1158, 1161, 1166, 1176, 1195, 1219, 1220, 1269, 1289, 1311, 1318, 1338, 1347, 1359, 1369, 1392, 1398, 1417, 1419, 1488, 1494, 1525, 1539, 1553, 1594, 1631, 1654, 1736, 1741, 1745, 1761, 1764, 1765, 1770, 1778, 1779, MWS-21, 33, 41, 55, 58, 59, 63, 64, 86, 97, 99, 105, 107, 119, 152, 158, 168, 170, 186, 212, 221, 275, 306, 307, 314, 323, 343, 364, 366, 1388, 1445, **Sri Ganga Nagar-Sukhadia Circle:** MOS-1, 50, MSL-2571, 3546, 4035, 5079, MUL-177, 178, 422, 599, 726, 965, 1061, 1082, 1104, 1123, 1186, 1187, 1192, 1203, 1216, 1255, 1263, 1264, 1279, 1287, 1292, 1335, 1352, 1359, 1361, 1362, 1385, 1388, 1419, 1430, 1438, 1456, 1464, 1465, 1466, 1489, MWS-23, 31, 43, 44, 51, 58, 67, 96, 116, 122, 128, 143, 144, 169, 174, 189, 193, 195, 198, 202, 232, 240, 245, 249, 250, 253, 255, 277, 281, 304, 307, 314, 318, 348, 349, 350, 358, 360, 367, 383, 384, 399, 400, 406, 417, 418, 419, 422, 429, 433, 435, 444, 455, **Sri Ganga Nagar (RA):** MAL-281, MGL-43, MSL-1385, 1497, 2002, 2008, MUL-232, 242, 314, 322, 338, 339, 341, 355, 372, 377, 378, 380, 387, 397, 404, 421, 422, 457, 461, 517, 527, 535, 554, 555, 560, 565, 570, 581, 584, 585, 629, 630, 644, 649, 659, 662, 663, Sriganga Nagar - Purani Abadi: MAL-855, 961, MBL-102, MSL-6096, MUL-497, 736, 737, 779, 793, 814, 872, 874, 910, 913, 969, 979, 1018, 1045, 1064, 1091, 1122, 1141, 1174, 1180, 1191, 1209, 1212, 1222, 1241, 1503

कम शुद्धता के गहनों की नीलामी (30.09.2018 की अवधि तक एनपीए खाते)

नीलामी की तिथि: 21.06.2019

Sri Ganga Nagar-Gol Bazar: MUL-32, 926, 1021, 1166, 1254, 1289, 1359, 1539, MWS-387, 1388, 1445, **Sriganga Nagar-Purani Abadi:** MUL-1503, MWS-78

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी।

हालांकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी पूरी नहीं हो जाती तो ऐसी स्थिति में यह संबंधित नीलामी वहीं दिनांक 22.06.2019 को क्रमशः नीलामी केंद्र The First Floor, Above Canara Bank, New Dhan Mandi, Rajasthan, Sri Ganga Nagar - 335001 में संचालित की जाएगी/जारी रहेगी। और ऐसी स्थिति में जहां इस सबके बावजूद कथित गहनों की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएं नहीं दी जाएंगी।

-नीलामी की तिथि: 17.06.2019

Anupgarh (RA): MAL-1759, 1899, 2218, 2222, 2231, 2313, 2528, 2550, 2633, 2686, 3176, MBL-3356, 3420, 3435, 3548, 3620, 4150, 4183, 4204, MPL-92, MSL-13036, 13037, 13775, 13853, 13970, 14018, 14426, 14514, 14592, 14601, 14829, 15077, 15078, 15080, 15173, 15238, 15255, 15262, 15273, 15280, 15295, 15301, 15317, 15329, 15333, 15345, 15353, 15366, 15415, 15434, 15436, 15442, 15488, 15488, 15521, 15550, 15553, 15565, 15580, 15586, 15593, 15621, MUL-155, 196, 208, 213, 231, 232, 252, 253, 256, 258, 283, 287, 293, 297, 304, 310, 336, 356, 376, 383, 402, 408, 412, 431, 472, 476, 490, 527, 530, 538, 541, 542, 574, 584, 590, 643, 650, 683, 685, 687, 733, 740, 742, 773, 788, 789, 802, 824, 843, 848, 869, 872, 882, 896, 901, 902, 904, 906, 909, 910, 915, 924, 945, 947, 971, 1021, 1078, 1106, 1140, 1152, 1169, 1175, 1187, 1194, 1201, 1205, 1206, 1236, 1237, 1238, 1240, 1267, 1274, 1296, 1348, 1349, 1357, 1360, 1373, 1395, 1408, 1447, 1453, 1457, 1459, 1475, 1524, 1527, 1545, 1562, 1563, 1564, 1589, 1596, 1604, 1605, 1608, 1620, 1645, 1695, 1708, 1720, 1754, 1776, 1793, 1794, 1805, 1816, 1817, 1818, 1824, 1828, 1842, 1875, 1893, 1924, 1930, 1948, 1956, 1964, 1987, 1989, 2007, 2010, 2011, 2023, 2034, MWS-12, 20, 29, 31, 46, 50, 55, 69, 75, 92, 114, 126, 133, 135, 138, 148, 151, 152, 179, 185, 200, 202, 229, 230, 231, 245, 246, 270, 271, 285, 296, 312, 316, 336, 361, 364, 389, 405, 413, 441, 446, 448, 476, 487, 511, 515, 524, 555, 565, 579, 593, 594, 595, 607, 619, 627, 630, 639, 652, 672, 680, 682, 690, 704, 708, 709, 710, 711, 716, 733, 754, 772, 774, 784, 806, 813, 814, 815, 817, 821, 830, 832, 842, 846, 849, 851, 872, 889, 890, 894, 910, 921, 924, 942, 943, 947, 951, 972, 977, 978, 985, 988, 989, 996, 998, 997, 1006, 1008, 1009

-नीलामी की तिथि: 18.06.2019

Suratgarh (RA): MAL-1316, 1691, 1988, 2118, 2126, 2138, 2258, 2283, 2304, 2393, 2410, 2428, 2541, 2556, 2567, 2572, 2773, 2856, 2942, 2957, 3029, 3130, 3219, MBL-2505, 2514, 2900, 2977, 3047, MSL-12532, 13337, 13370, 13555, 14150, 14153, 14179, 14180, 14201, 14284, 14316, 14334, 14368, 14384, 14386, 14390, 14397, 14398, 14403, 14467, 14495, 14502, 14507, 14508, 14515, 14537, 14540, 14549, 14582, 14601, 14603, 14625, 14626, 14629, 14648, 14659, 14693, 14695, 14696, 14698, 14699, 14701, 14719, 14721, 14737, 14746, 14752, 14763, 14772, 14774, 14786, 14787, 14788, 14807, 14817, 14818, 14833, MUL-137, 212, 294, 344, 350, 369, 382, 383, 401, 421, 461, 489, 497, 502, 515, 535, 585, 589, 591, 593, 607, 608, 619, 688, 671, 681, 695, 715, 718, 728, 745, 754, 768, 769, 776, 777, 799, 803, 805, 811, 816, 840, 850, 865, 872, 873, 883, 903, 912, 938, 943, 950, 951, 974, 975, 995, 997, 1011, 1029, 1032, 1038, 1050, 1057, 1059, 1067, 1071, 1074, 1084, 1088, 1124, 1151, 1171, 1174, 1181, 1188, 1214, 1216, 1224, 1231, 1234, 1257, 1258, 1275, 1285, 1290, 1291, 1306, 1307, 1309, 1345, 1347, 1350, 1358, 1365, 1378, 1385, 1386, 1405, 1409, 1413, 1440, 1443, 1446, 1460, 1468, 1477, 1488, 1489, 1493, 1495, 1502, 1530, 1533, 1534, 1536, 1543, 1546, 1555, 1562, 1575, 1582, 1583, 1586, 1591, 1624, 1625, 1629, 1640, 1647, 1675, 1687, 1704, 1705, 1708, 1720, 1728, 1734, 1735, 1757, 1758, 1759, 1763, 1774, 1782, 1784, 1799, 1801, 1823, 1828, 1844, 1867, 1873, 1882, 1883, 1884, 1892, 1896, 1900, 1901, 1917, 1920, 1921, 1922, 1923, 1924, 1927, 1931, 1935, 1936, 1943, 1945, 1959, 1962, 1964, 1969, 1972, 1991, 2005, 2015, 2016, 2017, 2018, 2019, 2040, 2055, 2064, 2074, 2076, 2089, 2108, 2110, 2112, 2118, 2144, 2151, 2154, 2164, 2188, 2208, 2222, 2223, 2238, 2251, 2268, 2269, 2276, 2290, 2305, 2308, 2319, 2324, 2325, 2328, 2344, 2350, 2359, 2364, 2387, 2374, 2375, 2378, 2388, 2392, 2394, 2398, 2407, 2411, 2418, 2419, 2425, 2427, 2463, 2464, 2465, 2467, 2484, 2485, 2498, 2503, 2506, 2510, 2525, 2529, 2539, 2550, 2551, 2555, 2558, 2563, 2567, 2568, 2574, 2576, 2587, 2591, 2592, 2593, 2596, 2597, 2598, 2607, 2643, 2648, 2649, 2658, 2665, 2670, 2671, 2675, 2677, 2679, 2695, 2704, 2705, 2708, 2715, 2727, 2730, 2751, 2752, 2753, 2756, 2757, 2763, 2764, 2771, 2781

-नीलामी की तिथि: 19.06.2019

Sangaria (RA): MAL-1339, 1450, 1868, 1909, 2006, MBL-1382, 1551, MGL-1134, MSL-2761, 4817, 4878, 4935, 5402, 5575, 5785, 5863, 5867, 5868, 5907, 5908, 5980, 6000, 6028, 6032, 6050, 6054, 6086, 6099, MUL-61, 360, 468, 484, 526, 606, 688, 756, 945, 986, 997, 1002, 1009, 1010, 1015, 1016, 1024, 1045, 1056, 1064, 1066, 1087, 1106, 1120, 1139, 1145, 1147, 1158, 1166, 1171, 1187, 1204, 1209, 1221, 1242, 1245, 1249, 1250, 1253, 1257, 1265, 1277, 1282, 1283, 1288, 1301, 1302, 1305, 1310, 1317, 1341, 1345, 1367, 1374, 1383, 1384, 1385, 1386, 1387, 1394, 1397, 1405, 1435, 1438, 1455, 1456, 1457, 1478, 1480, 1488, 1489, 1498, 1515, 1519, 1537, 1544, 1565, 1572, 1577, 1599, 1613, 1618, 1624, 1626, 1628, 1633, 1647, 1648, 1651, 1654, 1662, 1668, 1674, 1677, 1697, 1698, 1706, 1721, 1747, 1754, 1758, 1759, 1769, 1778, 1793, 1802, 1814, 1817, 1821, 1824, 1831, 1835, 1848, 1857, 1858, 1864

-नीलामी की तिथि: 20.06.2019

Rai Singh Nagar (RA): MAL-1556, 1813, 1904, 1906, 1963, 2013, 2083, 2192, 2244, 2368, 2398, 2411, 2466, 2467, 2557, 2664, 2779, MBL-2642, 2661, 2877, 2959, 3017, MHL-164, 165, MPL-133, MSL-9443, 9555, 9798, 9934, 9974, 10107, 10143, 10181, 10217, 10256, 10387, 10453, 10462, 10463, 10466, 10484, 10520, 10532, 10534, 10550, 10560, 10564, 10591, 10598, 10611, 10640, 10641, 10646, 10653, 10654, 10655, 10662, 10663, MUL-49, 168, 278, 326, 355, 457, 577, 693, 694, 733, 743, 774, 789, 799, 862, 878, 883, 960, 979, 1080, 1129, 1145, 1200, 1262, 1282, 1286, 1306, 1307, 1336, 1358, 1363, 1397, 1398, 1399, 1411, 1413, 1414, 1417, 1418, 1437, 1442, 1450, 1454, 1465, 1476, 1480, 1483, 1496, 1522, 1530, 1538, 1539, 1547, 1551, 1571, 1576, 1578, 1587, 1590, 1591, 1604, 1606, 1613, 1618, 1624, 1639, 1643, 1647, 1651, 1652, 1658, 1673, 1683, 1697, 1698, 1700, 1708, 1710, 1717, 1720, 1755, 1757, 1760, 1767, 1773, 1774, 1811, 1827, 1830, 1844, 1852, 1867, 1882, 1883, 1896, 1912, 1914, 1924, 1927, 1934, 1938, 1954, 1965, 1969, 1972, 1979, 1983, 1989, 1990, 2006, 2032, 2033, 2034, 2043, 2051, 2052, 2060, 2076, 2086, 2098, 2105, 2106, 2113, 2122, 2124, 2136, 2144, 2150, 2160, 2163, 2167, 2168, 2170, 2173, 2175, 2179, 2180, 2202, 2204, 2208, 2219, 2225, 2232, 2233, 2234, 2237, 2248, 2255, 2260, 2261, 2271, 2276, 2288, 2291, 2292, 2294, 2296, 2305, 2315, 2316, 2322, 2329, 2334

-नीलामी की तिथि: 24.06.2019

Nagaur (RA): MAL-797, MBL-1062, 1195, MSL-6384, MUL-250, 270, 276, 325, 347, 356, 357, 359, 367, 398, 426, 439, 455, 456, 477, 487, 489, 494, 513, 548, 591, 606, 628, 629, 645, 646, 662, 673, 675, 678, 680, 708, 733, 737, 770, 771, 777, 792, 811, 828, 831, 832, 855, 857, 872, 890, 926, 952, 968, 995, 996, 1021, 1039, 1046, 1059, 1063, 1092, 1096, 1107, 1110, 1128, 1133, 1135, 1156, 1164, 1173, 1174, 1176, 1188, 1189, 1191, 1204, 1211, 1221, 1233, 1234, 1236, 1255, 1273, 1274, 1287, 1290, 1293, 1308, 1329, 1349, 1364, 1382, 1383, 1384, 1385, 1390, 1393, 1399, 1442, 1445, 1446, 1449, 1460, 1461, 1462, 1469, 1473, 1484, 1502, 1505, 1526, 1527, 1538, 1542, 1543, 1551, 1570, 1581, 1586, 1625, 1630, 1645, 1690, 1693, 1710, 1718, 1721, 1733, 1734, 1740, 1743, 1745, 1749, 1750, 1766, 1767, 1769, 1775, 1781, 1789, 1791, 1793, 1801, 1818, 1819, 1820, 1822, 1827, 1832

-नीलामी की तिथि: 25.06.2019

Kuchaman (RA): MBL-748, MGL-668, 773, 799, 985, 1077, 1687, 1837, 1846, 1875, 1957, 1998, 2100, 2117, 2185, 2273, 2356, MLS-18, 19, MSL-4835, 6348, 6397, 6411, 6424, 6440, 6836, 6861, 6831, 6912, 6913, 6920, 6922, 6938, 6945, 6952, 6958, 6959, 6960, 6962, MUL-82, 84, 116, 162, 217, 233, 251, 268, 302, 308, 329, 377, 385, 436, 441, 443, 448, 469, 514, 566, 582, 623, 635, 680, 685, 705, 719, 798, 834, 885, 930, 931, 994, 1004, 1021, 1115, 1137, 1156, 1164, 1182, 1184, 1185, 1207, 1210, 1265, 1268, 1277, 1303, 1314, 1336, 1348, 1369, 1386, 1395, 1401, 1413, 1431, 1507, 1525, 1531, 1534, 1549, 1558, 1586, 1593, 1600, 1664, 1670, 1676, 1686, 1691, 1720, 1728, 1730, 1738, 1742, 1753, 1763, 1764, 1782, 1783, 1826, 1848, 1868, 1869, 1872, 1886, 1898, 1910, 1920, 1932, 1941, 1954, 1967, 1972, 1977, 1980, 2000, 2009, 2010, 2013, 2014, 2026, 2040, 2045, 2050, 2053, 2055, 2060, 2061, 2067, 2071, 2075, 2081, 2083, 2086, 2097, 2103, 2124, 2135, 2136, 2162, 2166, 2171, 2184, 2195, 2201, 2204, 2228, 2232, 2234, 2238, 2240, 2258, 2273, 2279, 2285, 2293, 2294, 2300, 2302, 2303, 2310, 2313, 2314, 2320, 2326, 2334, 2340, 2346, 2349, 2356, 2368, 2369, 2373, 2374, 2375, 2393, 2432, 2442, 2443, 2448, 2454, 2455, 2458, 2471, 2484, 2493, 2495, 2496

-नीलामी की तिथि: 26.06.2019

Churu Nai Sadak (RA): MAL-280, 520, 538, MGL-807, 853, 880, 919, 926, 940, 961, 1000, 1002, 1003, 1050, 1071, 1080, 1082, 1085, 1088, 1114, 1126, 1135, 1165, 1192, 1196, 1230, 1242, 1245, 1263, 1320, 1326, MHL-76, MSL-2778, 3869, 3934, 4350, 4351, 4543, 4544, 4558, 4574, 4578, 4614, 4632, 4675, 4724, 4737, 4751, 4753, MUL-7, 59, 88, 92, 102, 139, 150, 160, 172, 181, 201, 231, 243, 269, 279, 291, 305, 340, 341, 342, 359, 374, 392, 404, 411, 422, 433, 461, 466, 504, 530, 534, 537, 552, 554, 587, 593, 594, 613, 616, 618, 632, 636, 640, 668, 680, 681, 682, 703, 707, 715, 730, 753, 768, 772, 781, 786, 793, 828, 852, 855, 882, 883, 892, 918, 925, 930, 935, 938, 939, 945, 946, 948, 952, 956, 966, 975, 981, 990, 1005, 1031, 1035, 1048, 1049, 1050, 1060, 1064, 1067, 1071, 1080, 1087, 1095, 1099, 1112, 1126, 1137, 1145, 1147, 1149, 1156, 1160, 1162, 1164, 1165, 1166, 1170, 1176, 1177, 1183, 1186, 1191, 1207, 1211, 1212, 1216, 1222, 1225, 1240, 1241, 1242, 1249, 1251, 1259, 1261, 1268, 1270, 1278, 1281, 1282, 1283, 1288, 1290, 1300, 1301, 1306, 1307, 1312, 1318

-नीलामी की तिथि: 27.06.2019

Sardar Shahar (RA): MGL-91, 173, 253, 255, 262, 291, 293, 390, 391, 438, 723, 759, 768, 784, 786, 790, 801, 802, 814, 824, 832, 894, 907, 929, 954, 976, 990, 1063, 1091, MLS-5, 6, 8, 19, 20, MSL-3392, 3425, 3447, 3467, 3500, 3503, 3510, 3513, 3515, MUL-17, 71, 142, 161, 202, 209, 219, 258, 262, 288, 289, 323, 334, 371, 376, 384, 400, 458, 480, 485, 500, 505, 558, 567, 575, 582, 608, 625, 636, 645, 669, 686, 717, 723, 739, 752, 759, 773, 777, 782, 792, 800, 807, 810, 831, 851, 852, 854, 855, 863, 864, 884, 892, 904, 908, 926, 935, 940, 951, 969, 976, 980, 983, 987, 1007, 1008, 1009, 1013, 1017, 1019, 1020, 1021, 1022, 1025, 1032, 1044, 1045, 1046, 1047, 1049, 1051, 1052, 1053, 1054, 1063

-नीलामी की तिथि: 28.06.2019

Sujangarh (RA): MHL-79, MSL-5897, 5905, 5944, 5945, MUL-231, 240, 241, 248, 315, 323, 331, 369, 419, 488, 581, 595, 610, 632, 666, 667, 698, 789, 816, 817, 819, 838, 843, 845, 855, 879, 933, 937, 938, 975, 990, 994, 995, 1033, 1042, 1048, 1081, 1156, 1158, 1164, 1184, 1209, 1212, 1213, 1214, 1228, 1254, 1271, 1373, 1374, 1375, 1376, 1403, 1408, 1426, 1428, 1449, 1458, 1472, 1481, 1494, 1495, 1497, 1510, 1520, 1539, 1543, 1547, 1553, 1574, 1579, 1592, 1597, 1601, 1602, 1629, 1637, 1643, 1669, 1674, 1679, 1689, 1691, 1693, 1707, 1727, 1759, 1774, 1782, 1783, 1784, 1788, 1790, 1791, 1817, 1818, 1819, 1854, 1860, 1876, 1882, 1883, 1898, 1907, 1910, 1928, 1931, 1944, 1947, 1948, 1955, 1966, 1972, 1988, 1993, 2011, 2023, 2033, 2047, 2050, 2054, 2057, 2069, 2070, 2071, 2073, 2075, 2076, 2086, 2092, 2099, 2102, 2103, 2112, 2124, 2129, 2144, 2147, 2152, 2156, 2158, 2154, 2184, 2185, 2194, 2198, 2200, 2201, 2211, 2213, 2214, 2215, 2219, 2220, 2223, 2225, 2245, 2246, 2247, 2248, 2249, 2250, 2260, 2266, 2267, 2269, 2270, 2275, 2284, 2285, 2286, 2287, 2288, 2289,

विश्व कप -2019

जनसत्ता
महासमर

7 जून, 2019 20



जीवा धोनी बनी हुई है हरदिलअजीज

क्रिकेटप्रेमी विश्व कप के दौरान मैदान पर महेंद्र सिंह धोनी का जलवा देखने को बेताब हैं लेकिन मैदान से इतर उनकी बेटी जीवा सुपरस्टार हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के सभी मैचों में जीवा नजर आती थीं। वह यहां भी मीडिया के जलपान कक्ष में टीम के एक सहयोगी स्टाफ के साथ कुकीज खाने आईं। इसी समय आइसीसी की प्रसारण टीम के एक सदस्य ने उनके साथ सेल्फी लेनी चाही लेकिन टीम के सहयोगी स्टाफ ने सुरक्षा कारणों से मना कर दिया।

विश्व कप में लगातार तीन हार के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम में शुरू हुआ मंथन

टूर्नामेंट में खेलना चाहते थे डिविलियर्स : रिपोर्ट

जोहानिसबर्ग, 6 जून (भाषा)।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एबी डिविलियर्स विश्व कप के लिए संन्यास से वापसी करना चाहते थे। हालांकि इस महासमर में खेलने वाली टीम की घोषणा की पूर्व संध्या पर दक्षिण अफ्रीकी टीम प्रबंधन ने उनकी यह पेशकश ठुकरा दी थी। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार डिविलियर्स ने मई में यह पेशकश इंग्लैंड के लिए विश्व कप की टीम चुने जाने से 24 घंटे पहले की थी।

दक्षिण अफ्रीका का विश्व कप में अभियान निराशाजनक तरीके से शुरू हुआ। इसके बाद यह खुलासा हुआ है। टीम ने तीन मैच गंवा दिए जिसमें एक बांग्लादेश के खिलाफ था। बुधवार को भारत से मिली छह विकेट की हार से स्थिति और खराब हो गई और तेज गेंदबाज डेल स्टेन के कंधे की चोट के कारण बाहर होने से भी टीम कमजोर हुई थी।

इस खुलासे के बीच डिविलियर्स ने टीम को अपना समर्थन देते हुए अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'अहम चीज यही है कि हमें विश्व कप में टीम का समर्थन करने पर ध्यान लगाना चाहिए। अभी लंबा सफर तय करना है और मेरा मानना है कि लड़के अब भी सब कुछ हासिल कर सकते हैं।'

वेबसाइट में दावा किया गया है कि डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान फाफ डुप्लेसिस, मुख्य कोच ओटिस गिब्सन और चयनकर्ताओं के समन्वयक लिंडा जोंडी से संपर्क करके अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी की अपनी इच्छा व्यक्त की लेकिन इन तीनों ने इसका समर्थन नहीं किया।

रिपोर्ट के अनुसार इन सभी का मानना था कि डिविलियर्स की वापसी उन खिलाड़ियों के लिए अनुचित होगी जो उनकी अनुपस्थिति में खेल रहे थे जैसे रासी वान डर दुसेन। डिविलियर्स ने विश्व कप से एक साल पहले संन्यास लिया था जिससे वह टीम चयन के मानदंड को पूरा नहीं कर सकते थे जिसमें घरेलू या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शामिल था।

डिविलियर्स ने मई में यह पेशकश टीम चुने जाने से 24 घंटे पहले की थी।

विंडीज के खिलाफ मुकाबले से पहले आत्मनिरीक्षण करना होगा : अमला

सलामी बल्लेबाज हाशिम अमला ने कहा कि विश्व कप में लगातार तीसरी हार के बाद दक्षिण अफ्रीका अच्छी स्थिति में नहीं है। उसे वेस्ट इंडीज के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत होगी। अमला ने स्पोर्ट24 डॉट को डॉट जा से कहा कि हम बहुत खराब स्थिति में हैं। हमने काफी औसत क्रिकेट खेला और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाकर चीजें बदलनी होंगी।

दक्षिण अफ्रीका को 10 जून को वेस्ट इंडीज से भिड़ना है। उन्होंने कहा कि हम सभी निराश हैं लेकिन अगले मैच से पहले हमारे पास पांच दिन हैं।

खिलाड़ियों को आत्मनिरीक्षण करने के लिए कुछ समय मिल जाएगा। अमला ने कहा कि प्रेरणा की कमी नहीं है और वे अपना अभियान पटरी पर लाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

मुझे पता होता कि गलती कहां हुई तो मैं कोच होता : मौरिस

विश्व कप में लगातार तीसरी हार से मायूस दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्रिस मौरिस ने कहा कि उन्हें खराब प्रदर्शन के कारणों का पता होता तो वह टीम के मुख्य कोच होते। दक्षिण अफ्रीका को पहले तीन मैचों में इंग्लैंड, बांग्लादेश और भारत ने हराया। अब उसे बाकी छह मैचों में से कम से कम पांच जीतने होंगे ताकि सेमी फाइनल में प्रवेश का दावा बना रहे।



हार के कारणों के बारे में पूछने पर मौरिस ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि यदि मुझे इसका जवाब पता होता तो मैं टीम का मुख्य कोच होता। उन्होंने कहा कि टीम बहुत निराश और नाराज है जो होना भी चाहिए। हम आत्ममंथन करेंगे और उम्मीद है कि अगले मैच में जीत की राह पर लौट सकेंगे। अब हमें अगले सारे मैच जीतना है।

फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करके सभी को चौंका दिया लेकिन मौरिस ने कहा कि वह इस पर बहस नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि मैं पिच की तरफ नहीं देखता। पिच कैसी भी हो, मुझे उसी तरह से गेंदबाजी करनी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पहले गेंदबाजी कर रहे हैं या बल्लेबाजी। यह अच्छी पिच थी। अपने स्पैल में 42 रन देकर एम एस धोनी का विकेट लेने वाले मौरिस ने कहा कि टीम जीत जाती और वह नहीं भी चलते तो उन्हें खुशी होती।

उन्होंने कहा कि मैं भले ही जीरो पर आउट हो जाता या एक भी विकेट नहीं लेता लेकिन टीम जीत जाती तो मुझे खुशी होती।

कूल्टर नाइल और स्मिथ ने जमाए अर्धशतक

आस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज को हराया

नॉटिंघम, 6 जून (भाषा)।

आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे नाथन कूल्टर नाइल और स्टीवन स्मिथ के अर्धशतकों के बाद मिशेल स्टार्क की तूफानी गेंदबाजी से आस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज को 15 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया के 289 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट इंडीज की टीम स्टार्क (46 रन पर पांच विकेट) और पैट कमिंस (41 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 273 रन ही बना सकी। वेस्ट इंडीज की ओर से शाई होप (68), कप्तान जैसन होल्डर (51) और निकोलस पूरण (40) ने उम्दा पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

इससे पहले नाथन कूल्टर नाइल के करिअर के पहले अर्धशतक और स्टीवन स्मिथ के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से आस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए 288 रन बनाए। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कूल्टर नाइल ने 60 गेंद में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से 92 रन की पारी खेलने के अलावा स्मिथ (73) के साथ सातवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने एलेक्स कैरी (45) के साथ भी छठे विकेट के लिए उस समय 68 रन जोड़े जब टीम 79 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी।

कूल्टर नाइल की यह पारी विश्व कप में सातवें नंबर के बाद बल्लेबाजी करते किसी बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वेस्ट इंडीज की ओर से कार्लोस ब्रेथवेट सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 67 रन देकर तीन विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल (दो विकेट), शेल्डन कोटरेल (दो विकेट) और ओशाने थॉमस (दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए जिससे आस्ट्रेलिया की पूरी टीम 49 ओवर में आउट हो गई।

टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला

वेस्ट इंडीज के कप्तान जैसन होल्डर ने टॉस जीतकर विरोधी टीम को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। उनके गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ओशाने थॉमस ने तीसरे ओवर में ही आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच (06) को विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच करा दिया। अगले ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (03) भी शेल्डन कोटरेल की गेंद को बैकवर्ड प्वाइंट पर शिमरोन हेटमेयर के हाथों में खेल गए। उस्मान ख्वाजा (13) को आंद्रे रसेल की गेंद पर होप ने कैच लपककर आस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 36 रन कर दिया। ग्लेन मैक्सवेल (00) भी गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर कोटरेल की गेंद को हवा में लहरा गए और होप ने आसान कैप पलका।

स्मिथ की शानदार पारी

स्मिथ और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने इसके बाद पारी को संवारा। स्मिथ ने एंकर की भूमिका निभाई जबकि कैरी ने तेजी से रन जुटाए।

आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कूल्टर नाइल ने 60 गेंद में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से 92 रन की पारी खेलने के अलावा स्मिथ (73) के साथ सातवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की।

न्यूजीलैंड ने रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश को हराया

लंदन, 6 जून (एपी)।

न्यूजीलैंड ने विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में बुधवार की देर रात बांग्लादेश को दो विकेट से हराकर ईद का जश्न दुगुना करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जीत के लिए 245 रन के लक्ष्य के जवाब में न्यूजीलैंड ने 43वें ओवर में पांच विकेट पर 218 रन बना लिए थे। इसके बाद लगातार ओवरों में कोलिन डि ग्रांडहोमे और जिम्मी नीशाम आउट हो गए।

मिशेल सैंटनर और मैट हेनरी ने तीन ओवरों में 20 रन बनाए। हेनरी छह रन पर आउट हो गए जब न्यूजीलैंड को सात रन चाहिए थे और उसके दो विकेट बाकी थे। सैंटनर और लोकी फर्ग्युसन ने संभलकर खेलते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया। यह दो मैचों में न्यूजीलैंड की दूसरी जीत थी। इससे पहले बांग्लादेश की टीम 50 ओवर में 244 रन पर आउट हो गई। शीर्ष पांचों बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। शाकिब अल हसन ने 64 रन बनाए और 30 के ऊपर बनाने वाले वह अकेले बल्लेबाज रहे। न्यूजीलैंड के लिए हेनरी ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए 47 रन देकर चार विकेट लिए।

'अपेक्षाओं का दबाव नहीं'

साउथम्पटन, 6 जून (भाषा)।

जसप्रीत बुमराह दुनिया भर के बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय बने हुए हैं। लेकिन, भारत के इस तेज गेंदबाज का मानना है कि उन पर अपेक्षाओं का कोई दबाव नहीं है। छह कदम के सरल रनअप और असाधारण गेंदबाजी एक्शन वाले बुमराह कप्तान विराट कोहली की तरकश के सबसे धारदार तीर हैं।

विश्व कप डायरी

धोनी ने जताया भारतीय सेना के प्रति विशेष सम्मान

साउथम्पटन, 6 जून (भाषा)।

भारतीय सेना के लिए महेंद्र सिंह धोनी का प्रेम किसी से छिपा नहीं है और पैराशूट रेजिमेंट के मानद लेफ्टिनेंट कर्नल ने विश्व कप में सेना के प्रति खास तरीके से सम्मान जताया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में धोनी के विकेटकीपिंग दस्तानों पर सभी की नजरें गई जब कैमरे ने उस पर फोकस किया। उस पर अर्द्धसैनिक बलों का निशान बना हुआ था। धोनी ने पहले भी ये दस्ताने शायद पहने होंगे लेकिन अब विश्व कप में टीवी की नजर में आने के बाद सोशल मीडिया पर उनकी तारीफों के पुल बांधे जा रहे हैं।

रोहित के फॉर्म से कोहली पर दबाव कम होगा : श्रीकांत

साउथम्पटन, 6 जून (भाषा)।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत का मानना है कि रोहित शर्मा की तेज पारी खेलने की काबिलियत टीम के लिए बोनस है। उनके अच्छे फॉर्म से विश्व कप में कप्तान विराट कोहली पर से दबाव कम होगा। रोहित ने 144 गेंद में 122 रन बनाकर भारत को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका पर जीत दिलाई।

श्रीकांत ने आइसीसी के लिए कॉलम में लिखा कि रोहित की यह पारी उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। वह पहले गियर से चौथे गियर में तुरंत जा सकते हैं। हालात के अनुरूप खेलने की उनकी काबिलियत कमाल की है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह अच्छी बात है कि उनके पास शतक और दोहरे शतक बनाने वाला बल्लेबाज है। इससे कोहली पर से दबाव कम होगा।

श्रीकांत ने कहा कि विश्व कप में भारत के शीर्षक्रम की भूमिका अहम होगी। शिखर धवन, शर्मा और कोहली का अच्छा प्रदर्शन भारत के लिए काफी अहम होगा। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे श्रीकांत ने जसप्रीत बुमराह की खास तौर पर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह ने नई गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शुरुआती स्पैल से दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाकर भारत की पकड़ मजबूत की। बुमराह के विकेट लेने से बाद में स्पिनरों के लिए गेंदबाजी आसान हो गई।

एफआइएच सीरीज फाइनल्स

भारत ने रूस को 10-0 से रौंदा

भुवनेश्वर, 6 जून (भाषा)।

प्रबल दावेदारों में शुमार भारत ने गुरुवार को एफआइएच सीरीज फाइनल्स हॉकी टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में रूस को 10-0 से रौंदकर शानदार शुरुआत की। पूल बी के इस एकतरफा मुकाबले में ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने 32वें और 48वें तथा स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह ने 41वें और 55वें मिनट में दो-दो गोल दागे। नीलकांत शर्मा ने 13वें, सिमरनजीत सिंह ने 19वें, अमित रोहिदास ने 20वें, वरुण कुमार ने 33वें, गुरसाहिबजीत सिंह ने 38वें और विवेक सागर प्रसाद ने 45वें मिनट में गोल किए।

भारत ने हालांकि धीमी शुरुआत की, वो भी ऐसी टीम के खिलाफ जो विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज है। पहले हाफ में भारतीय टीम थोड़ी ढीली दिखी और कुछ मौकों पर मूव को गोल में नहीं बदल सकी। लेकिन एक बार लय बनाने के बाद उसने लगातार गोल दाग दिए। विश्व रैंकिंग पर पांचवें स्थान पर काबिज भारत के लिए 13वें मिनट में नीलकांत ने गोल की शुरुआत की। अगले ही सेकंड में नीलकांत को फिर गोल करने का मौका मिला लेकिन रूसी गोलकीपर मरात गाफोरोव ने इसे रोक दिया। 19वें मिनट में भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुमित की रिवर्स हिट के गोलकीपर द्वारा रोके जाने के बाद रिबाउंड पर सिमरनजीत ने गोल कर दिया। एक मिनट में भारत को तीसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला जब रोहिदास ने 3-0 से बढ़त बनाने में कोई गलती नहीं।

रूस के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

विश्व कप खिताब का असल दावेदार भारत : कैलिस

साउथम्पटन, 6 जून (भाषा)।

महान हरफनमौला जाक कैलिस ने भारत को विश्व कप का असल दावेदार बताया है। साथ ही कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लिए अब हर मैच नॉकआउट की तरह होगा। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की यह लगातार तीसरी हार थी।

कैलिस ने आइसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा कि भारतीय टीम विश्व स्तरीय और असल दावेदार है। वे पहले मैच के लिए इंतजार कर रहे थे और मुझे नहीं पता था कि यह उनके पक्ष में जाएगा या नहीं। वे तरोताजा होंगे या नर्वस। अब हमें उत्तर मिल गया है। कैलिस ने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका ने खुद पर दबाव बना लिया है।

उन्होंने कहा कि अब दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी छह मैच नॉकआउट की तरह होंगे। भारत ने उन्हें हर विभाग में उन्नीस साबित किया। टॉस जीतने के बाद भी वे मैच नहीं जीत सके। सभी खिलाड़ियों को हार की जिम्मेदारी लेकर अपनी गलतियों में सुधार करना होगा।

कैलिस ने कहा कि अगले दो मैचों में वेस्ट इंडीज और अफगानिस्तान को हराकर हालात बेहतर हो सकते हैं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले लय हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा कि फाफ डुप्लेसिस के लिए यह बड़ा टूर्नामेंट है लेकिन सब कुछ कप्तान के कंधे पर नहीं डाला जा सकता। सभी को अपने प्रदर्शन का आकलन करना होगा ताकि आगे अच्छा खेल सकें।

मॉडर्न स्कूल ने जीता उत्तरांचल कप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 जून।

मेजबान मोती बाग नंबर एक को 1-0 से हरा कर मॉडर्न स्कूल बाराखंबा ने देवरानी उत्तरांचल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता टीम का एकमात्र गोल अमन साहनी ने अंशुल के पास पर जमाया। मॉडर्न ने सेमी फाइनल मे विद्या निकेतन को अंशुल के गोल से परास्त कर फाइनल मे जगह बनाई थी। उधर मेजबान टीम को अपनी अंडर14 टीम को हराने के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। फाइनल मे मुकाबला करीबी रहा लेकिन बाजी मॉडर्न के हाथ लगी। मोती बाग की अंडर 14 टीम के रक्षक अरमान को टूर्नामेंट का श्रेष्ठ खिलाड़ी, नितिन पेपे को उभरता खिलाड़ी, और गिरिजा को श्रेष्ठ फॉरवर्ड घोषित किया गया। श्रेष्ठ गोली मोती बाग का रवि बना, जबकि मॉडर्न के अंशुल मलिक को रक्षापंक्ति मे श्रेष्ठ आका गया। उभरते मिड फील्डर विद्या निकेतन के इसाक को विशेष सम्मान दिया गया।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 201, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।